* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 172

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


अपनी ही सरकार के खिलाफ 5 घंटे अनशन पर बैठे सचिन पायलट





GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
ADMISSION IS GOING ON...
DHANBAD CENTRE NEET 2022 RESULT & many more...
Test Your Merit in Most Extensive & Renowned All India Level GOAL Test Series.
Separate Batch for ICSE, CBSE and State Board
Classes for All Batches Start From 16th April 2023
Classroom Programs
2 Years Foundation 2025 11th + 12th Board + NEET/ENGG.
1 Year Fresher Course 2024 12th Board + NEET/ENGG.
1 Year Target 2024 NEET/ENGINEERING
1 Year Achiever Course 2024 NEET/ENGINEERING
• FACILITIES • LIBRARY HOSTEL TRANSPORT
Memco More, Dhaiya, Dhanbad
9334098595, 9308057050
504, 5th Floor, R.S. Tower, Lalpur, Circular Road, Ranchi : 7564900041/42/43


## भाजपा का सचिवालय घेराव : प्रदेश भाजपा के आह्वान पर राज्यभर के कार्यकर्ता पहुंचे रांची, धुर्वा गोलचक्कर डेढ़ घंटे तक बना रहा रणक्षेत्र

# पुलिस से भिड़ंत, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, पत्थरबाजी, 30 घायल

- लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, निशिकांत दुबे समेत प्रदेश के तमाम नेता जुटे
- धुर्वा गोलचक्कर डेढ़ घंटे तक बना रहा रण क्षेत्र
- सांसद सुनील सिंह, संजय सेठ समेत कई नेता-कार्यकर्ता घायल
- आंसू गैस की चपेट में आये विधायक सीपी सिंह
- विधायक विरंची नारायण, समीर उरांव समेत कई नेता और कार्यकर्ता हिरासत में
- प्रभात तारा मैदान में भाजपा नेताओं ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना
- 'हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ' का दिया नारा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुबह लगभग आठ बजे का समय था। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड। कांटाटोली चौक हो या फिर बूटी मोड़ चौक। रांची में प्रवेश करनेवाले हर रास्ते से भाजपा का झंडा रह-रह कर कुछ देर में दिखायी दे रहा था। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश के आह्वान पर चारों ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं का रांची में प्रवेश हो रहा था। सभी को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान पहुंचना था और लक्ष्य था सचिवालय का घेराव। घेराव का कार्यक्रम लगभग डेढ़ घंटे चला। इस डेढ़ घंटे में काफी बवाल हुआ। पत्थर चले, पानी की बोतलें फेंकी गयीं, पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सचिवालय तक पहुंचने से रोकने के लिए बल प्रयोग किया। लाठीचार्ज किया गया। वाटर कैनन खोले गये। आंसू गैस के गोले दागे गये। पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर बैरिकेडिंग तोड़ने, धारा 144 का उल्लंघन करने, पानी की बोतल फेंकने और पत्थर चलाने का आरोप लगाया।

नतीजतन धुर्वा गोलचक्कर का इलाका दोपहर लगभग दो से तीन बजे तक रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज से भाजपा के लगभग 30 से अधिक नेता और कार्यकर्ता घायल हुए। इनका पारस अस्पताल में प्राथमिक उपचार हुआ। नेताओं की गिरफ्तारी हुई, जिन्हें प्रदर्शन के बाद छोड़ा गया।

**प्रभात तारा मैदान में नेताओं ने भरा जोश :** सुबह 11 बजते-बजते धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं से पट गया। हर तरफ पार्टी का झंडा नजर आ रहा था।



सभी कार्यकर्ता जोश में थे। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, राज्यसभा सांसद समीर उरांव समेत अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाया। नेताओं ने प्रभात तारा मैदान में हेमंत सरकार पर निशाना साधा। सरकार की नाकामियों को गिनाया और 'हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ' का नारा देकर कार्यकर्ताओं से सचिवालय कूच करने का आह्वान किया। यहां पर कार्यक्रम में सभा का संचालन प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय और सुबोध सिंह गुड्डू ने किया।

**पुलिस चौकस, जगह-जगह बैरिकेडिंग :** दोपहर का लगभग 1.30 बजनेवाला था और कार्यकर्ता घेराव के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके थे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन के लिए कैसे जाना है, इस बारे में बताया। इसके बाद हुंकार के साथ भाजपा के नेता और कार्यकर्ता अलग-अलग टोली में सचिवालय घेराव के लिए रवाना हुए। भाजपा के सचिवालय घेराव को लेकर पुलिस चौकस थी। प्रभात तारा मैदान से ही पुलिस की तैयारी दिख रही थी। यहां भी भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। प्रभात तारा मैदान से लेकर धुर्वा गोल चक्कर तक जगह-जगह बैरिकेडिंग लगायी गयी थी। धुर्वा गोलचक्कर से पहले लगायी गयी बैरिकेडिंग को नेता-कार्यकर्ता पार करते हुए आखिरी पड़ाव यानी धुर्वा गोलचक्कर के पास पहुंचे। यहां लगी बैरिकेडिंग को पार करने की कोशिश में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव शुरू हुआ।

**बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास, पुलिस का बल प्रयोग :** धुर्वा गोल चक्कर के पास लगी बैरिकेडिंग से पुलिस किसी भी हालत में नेताओं और कार्यकर्ताओं को सचिवालय की तरफ जाने के लिए आगे बढ़ने देने को तैयार नहीं थी। नेता और कार्यकर्ता इस बैरिकेंडिग के पास रुकने को तैयार नहीं थे। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश की, पुलिस का वाटर कैनन चला। साथ में चले डंडे। कार्यकर्ता निर्भीक रूप से डटे रहे, तो आंसू गैस के गोले दागे गये। लाठी चार्ज और आसूं गैस के गोलों ने कार्यकर्ताओं को तितर-बितर किया। इसके कुछ देर बाद कार्यकर्ताओं ने दोबारा सचिवालय की ओर बढ़ने का प्रयास किया। पुलिस इस बार ज्यादा सख्त हुई।

प्रदर्शनकारियों द्वारा पानी की बोतलें फेंकी गयीं, पत्थर भी फेंके गये। पथराव में एक आइपीएस अधिकारी समेत कुछ पुलिसकर्मी को चोट आने की सूचना मिली। पुलिस की सख्ती भी बढ़ती हुई दिखी। पुलिस की कार्रवाई में कई नेता और कार्यकर्ता घायल हुए। भाजपा ने 100 से अधिक कार्यकर्ताओं के घायल होने का दावा किया है। उधर, इस घेराव का कवर करनेवाले एक पत्रकार का सिर फूटा और दो फोटोग्राफरों का कैमरा भी टूट गया।

**नेता घायल हुए, गिरफ्तारी भी हुई :** सांसद सुनील सिंह, संजय सेठ समेत कई नेता और 30 से अधिक कार्यकर्ता पुलिस के बल प्रयोग में घायल हुए। वहीं विधायक सीपी सिंह आंसू गैस की चपेट में आ गये। जिस वजह से उन्हें आंख में समस्या उत्पन्न हुई। संजय सेठ, विरंची नारायण, समीर उरांव समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया। संजय सेठ को इस दरम्यान भोमेटिंग भी हुई, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

## आज काला दिवस मनायेगी भाजपा

रांची। सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने बुधवार को काला दिवस मनाने का एलान किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का आरोप है कि कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी से पीटा गया। पुलिसिया तानाशाही के बल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं पर हमले किये गये। भाजपा इस पर विरोध दर्ज कराने के लिए बुधवार को प्रदेश के सभी मंडलों में हेमंत सरकार का पुतला दहन करने और काला दिवस मनाने का एलान किया है।



"यह आंदोलन किसी व्यक्ति का नहीं है, बल्कि इस राज्य की जनता का आंदोलन है। आने वाले दिनों में यह भी देखने को मिलेगा की जनता क्या चाहती है।

**- दीपक प्रकाश, भाजपा अध्यक्ष**



"हेमंत सरकार ने आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया है। हेमंत सरकार लोकतंत्र में जनता के सवालों को लाठी-गोली से रोकना चाहती है।

**- बाबूलाल मरांडी, भाजपा विधायक दल नेता**


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST|BASIC|B.SC. BASIC|B.SC.|M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS|DMLT|ECG X-RAY|OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## विपक्षी एकता पर बात बढ़ाने के लिए लालू से मिलने दिल्ली पहुंचे नीतीश

**पटना (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की मुहिम में सात माह बाद मंगलवार की शाम को तीन दिवसीय यात्रा पर फिर दिल्ली पहुंचे हैं। इस दौरान नीतीश कुमार कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के नेताओं से बात करेंगे। माना जा रहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकजुटता पर कोई सहमति बन सकती है। नीतीश कुमार के साथ में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और जल संसाधन मंत्री संजय झा भी गये हैं। दिल्ली एयरपोर्ट से वह सीधे राजद प्रमुख लालू प्रसाद से मिलने सांसद मीसा भारती के आवास पर पहुंचे।

## सीएम ने अमर शहीद सिदो-कान्हू की धरती से साहिबगंज जिले को कई विकास योजनाओं की दी सौगात

# अब गांव-गांव पहुंच रही हैं सरकार की योजनाएं : हेमंत

- 75392.09 लाख रुपये की 2080 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- 206 लाभुकों के बीच बांटी 391 लाख की परिसंपत्ति
- मीजल्स-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ
- सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ के तहत पैक्स-लैंप्स के लिए सदस्यता महाअभियान शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**साहेबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह से मंगलवार को मिजल्स-रूबेला विशेष टीकाकरण और नवगठित सिदो-कान्हू राज्य सहकारी संघ के तहत पैक्स-लैंप्स से सदस्यों को जोड़ने के महाअभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने साहिबगंज जिले को 2080 योजनाओं की सौगात दी और लाभुकों को सशक्त बनाने के लिए उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने जिले के दूरस्थ सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए चार बाइक एंबुलेंस की चाबी भी सौंपी। सिदो कान्हू जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य और राज्यवासियों की उन्नति के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**अब परिपाटी बदली है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकार की आवाज, नजरें और योजनाएं गांव -गांव पहुंच रही हैं। पहले




वातानुकूलित दफ्तरों में योजनाएं बनती थीं और वहीं खत्म भी हो जाती थीं। लेकिन, हमारी सरकार ने अलग झारखंड राज्य बनने के बाद पिछले दो दशकों से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का काम किया है। अब पंचायतों में शिविर लगाकर आपके दरवाजे पर योजनाओं को लेकर अधिकारियों की फौज पहुंच रही है और समस्याओं का समाधान हो रहा है।

**ग्रामीणों से संवाद करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तकनीकों के माध्यम से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र भ्रमण के दौरान तो लोगों से मिलकर उनकी बातें सुनते ही हैं। अब तकनीकों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों से एक साथ जुड़ेंगे। इसके लिए एलइडी वैन इस्तेमाल भी होगा। आम जन के दुख- दर्द दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर- घर पहुंचे, इसके लिए शिविर तो लगाये ही जा रहे हैं और अब योजनाबद्ध तरीके से प्रचार प्रसार होगा।

**कृषि और वन उपज को मिलेगा बाजार और उचित मूल्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कृषि और वन उपज को बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। इसके लिए इन उत्पादों की एमएसपी भी तय की जायेगी और इसके लिए सरकार ने सिदो कान्हू कृषि एवं वन उपज संघ का गठन किया है। इसके लिए पैक्स -लैम्प्स को आर्थिक मजबूती दी जा रही है। इसी कड़ी में पैक्स लैम्प्स के लिए आज से सदस्यता महाअभियान शुरू हो रहा है। आप सभी इससे जुड़ें। इसके बाद आपके उत्पादों को पैक्स- लैम्प्स खरीदेगी। इससे आपके उत्पादों को उचित मूल्य और बाजार मिलेगा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पलाश ब्रांड के जरिए महिला स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है।

**सरकारी कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभायें :** मुख्यमंत्री ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ये कहा कि वे योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभायें। योजनाओं को धरातल पर उतारने में आपकी अहम जिम्मेदारी है।

## हेमलाल झामुमो में लौटे सीएम बोले : राजमहल संभालनेवाला आ गया

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो से भाजपा में शामिल हुए हेमलालू मुर्मू ने मंगलवार को फिर से झामुमो का दामन थाम लिया है। उन्होंने आठ साल बाद घर वापसी की है। वह साल 2014 में भाजपा में शामिल हो गये थे, लेकिन उन्होंने मंगलवार को फिर से घर वापसी कर ली है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झामुमो का झंडा ओढ़ा कर हेमलालू मुर्मू को पार्टी में शामिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजमहल लोकसभा में एक अच्छे नेता की जरूरत को पूरा करनेवाला मिल गया।

**बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रयास जारी :** राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चे- बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि में तो बढ़ोत्तरी की ही गयी है। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना भी सरकार ने शुरू की है। वहीं, निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को शिक्षा देने के लिए मॉडल स्कूल विकसित किये गये हैं। अब यहां के बच्चे- बच्चियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ मेडिकल-इंजीनियरिंग आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है।


KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring
KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 52,900 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो



# राजस्थान के रण में फिर मची खलबली

## सचिन के 'पायलट प्रोजेक्ट' ने बढ़ायी कांग्रेस की मुसीबत

## निर्णायक दौर में पहुंच गया है कांग्रेस का अंदरूनी कलह

**राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भाजपा राज में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने के मुद्दे पर अनशन कर राज्य में अपनी ही सरकार पर सवाल खड़े कर दिये हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने कांग्रेस को ऐसे दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां से पीछे जाना आलाकमान के लिए भी असंभव है। सचिन का यह 'पायलट प्रोजेक्ट' चुनावी साल में निर्णायक रूप से सामने आया है। अब राजस्थान में कांग्रेस का अंदरूनी विवाद उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां एक भी गलत या विलंबित फैसला देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के भविष्य को न केवल अंधकार में पहुंचा देगा, बल्कि राजस्थान में उसका सूरज शायद हमेशा के लिए अस्त कर देगा। इस 'पायलट प्रोजेक्ट' को कांग्रेस में फिर नयी लड़ाई की शुरुआत के तौर पर देखा जा सकता है। चुनावी साल में पायलट खेमे के इस दांव के पीछे एक बड़ी सियासी रणनीति है। अब यह साफ हो गया है कि पायलट खेमा अब पार्टी के भीतर रह कर लड़ाई को तेज करने की रणनीति पर चल रहा है। पायलट का पूरा एक्शन इसी 'प्रेशर पॉलिटिक्स' का हिस्सा है। अशोक गहलोत पार्टी आलाकमान को पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के समय ही अपनी ताकत दिखा चुके हैं, इसलिए पायलट खेमे का मानना है कि अब उसकी बारी है कि वह आलाकमान को एक चुनौती दे। इसलिए अनशन स्थल पर न कांग्रेस नेताओं की तस्वीर लगी थी और न ही कांग्रेस का चुनाव चिह्न ही था। इस परिस्थिति में अब यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि कांग्रेस आलाकमान क्या रुख अपनायेगा। साढ़े चार साल से चल रहे इस विवाद के कारण क्या राजस्थान में पंजाब जैसी स्थिति पैदा हो जायेगी। इन सभी सवालों का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

राजस्थान के रण में एक बार फिर खलबली मची हुई है। वजह सियासी मैदान के दो दिग्गजों का आमना-सामना है। ये दिग्गज अलग-अलग दल के नहीं, बल्कि एक ही पार्टी के हैं। यह पार्टी देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस है, जिसने कड़ी मशक्कत के बाद 2018 में राजस्थान की सत्ता हासिल की थी। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट मतभेदों को लेकर एक बार फिर आमने-सामने हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब दोनों के बीच तलवारें खिंची हैं। पहले भी ये दोनों अपने हितों को लेकर टकरा चुके हैं। हालांकि तब आलाकमान ने मामले को शांत कराया था, लेकिन इस बार गणित कुछ और ही है। राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा का चुनाव होना है और कांग्रेस हर कीमत पर सत्ता में वापस आने की कोशिश में जुटी हुई है। इसलिए सचिन पायलट एक बार फिर अपनी जमीन तलाशने में जुटे हुए हैं। वह पिछली बार की गलती को तो दोहराना नहीं चाहते, लेकिन किसी भी कीमत पर अपनी जरूरतों को भी भुलाना नहीं चाहते हैं। इसलिए उन्होंने अनशन की राह अपनायी है। वह महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के मौके पर जयपुर के शहीद स्मारक पर अपने समर्थकों के साथ अनशन पर बैठे। खास बात यह है कि यह अनशन सचिन पायलट ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया है। सचिन का आरोप है कि गहलोत सरकार ने वसुंधरा सरकार द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। अब सवाल उठता है कि अपनी ही सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार की यह लड़ाई कैसी है?

इस सवाल को दबाने के लिए सचिन ने इसे वसुंधरा राजे के कार्यकाल का भ्रष्टाचार बताते हुए इसके खिलाफ जंग का एलान किया। लेकिन एक बार फिर वह यह भूल गये कि सरकार के साढ़े चार साल के कार्यकाल में वह क्या कर रहे थे, यानी निशाना सीधे तौर पर अशोक गहलोत और आलाकमान ही हैं। अनशन के साथ राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले सचिन ने अपना 'पायलट प्रोजेक्ट', जिसे वह काफी वक्त से तैयार कर रहे थे, लांच कर दिया है।




### क्या है 'पायलट प्रोजेक्ट'

सचिन पायलट बीते लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में अपने वजूद को तलाशने में जुटे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी युवा नेतृत्व के हाथ में राजस्थान की बागडोर सौंपेगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और अशोक गहलोत के सिर सीएम का ताज पहनाया गया। सचिन को उप मुख्यमंत्री बन कर संतोष करना पड़ा, लेकिन यह तमगा भी उनके साथ ज्यादा दिन नहीं रहा। यही वजह है कि राज्य और राजनीति में अपनी मजबूत स्थिति बनाने के लिए सचिन पायलट के पास ज्यादा समय नहीं बचा है। अगले सात महीने में प्रदेश में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में अगर वह अपनी ही पार्टी में अपनी जगह को मजबूत स्थिति में नहीं ला पाते हैं, तो उनके पास फिर एक ही विकल्प बचता है और वह है ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद समेत कांग्रेस के अन्य बागी नेताओं की तरह पार्टी छोड़ देना और भाजपा का दामन थाम लेना, लेकिन इसके लिए भी उनके पास यही आखिरी वक्त है। यही वजह है कि सचिन ने अपने 'पायलट प्रोजेक्ट' को सही समय पर लांच कर दिया है। इससे या तो वह अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर दबाव बना कर आगामी चुनाव में अपनी मांगों को पूरा करा सकेंगे या फिर समय रहते आलाकमान के इरादों को समझ कर पार्टी छोड़ भाजपा में चले जायेंगे या फिर नयी पार्टी का गठन कर सकते हैं।

### पायलट को मनाने की तैयारी

कांग्रेस नेतृत्व वैसे तो सचिन पायलट के रुख से नाराज है। पार्टी की ओर से एक पत्र भी जारी किया गया और सचिन पायलट के अनशन को सही नहीं बताया गया है। बावजूद इसके, पायलट को मनाने की केंद्रीय नेतृत्व ने भरपूर तैयारी की। कांग्रेस के प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा जयपुर पहुंचे और उन्होंने सचिन पायलट को भ्रष्टाचार वाले मामलों की जांच कराने समेत कुछ अन्य आश्वासन देकर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन इससे बात नहीं बनी। अब अनशन के बाद पायलट को दिल्ली बुलाया गया है। उम्मीद की जा रही है कि वह सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे और इसके बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होगी। अगर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भी बात नहीं बनती है, तो चुनाव से पहले अशोक गहलोत के साथ-साथ कांग्रेस के लिए भी नयी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। पार्टी के सामने चुनौती यह है कि चुनाव नजदीक है और अंदरूनी कलह के साथ पार्टी नेता किस आधार पर जनता के बीच जायेंगे और किस आधार पर वोट मांगेंगे।

### निर्णय लेने में बहुत धीमा है कांग्रेस नेतृत्व

कांग्रेस के लिए भी यह वक्त किसी गहन मंथन का है, क्योंकि सचिन पायलट अचानक अनशन पर नहीं बैठे। इसको लेकर पहले से ही तैयारी चल रही थी, लेकिन कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से इसको लेकर समय पर कोई कदम नहीं उठाया गया। इस तरह के मामलों में अकसर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की प्रतिक्रिया बेहद धीमी रहती है, जो पार्टी को बड़े नुकसान की तरफ ले जाती है। फिर चाहे वह ज्योतिरादित्य का मामला हो, जितिन प्रसाद हों या फिर गुलाम नबी आजाद। हर मामले ने पार्टी का ढुलमुल या फिर धीमा रवैया एक बड़ी कमजोरी बनता जा रहा है। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या कांग्रेस आलाकमान इस विवाद को खत्म करेगा या फिर उसका अगला कदम क्या होगा।

यह बात जगजाहिर है कि पायलट और गहलोत के बीच लंबे समय से बातचीत नहीं हुई है। दोनों के बीच तल्खियां कम होने की जगह बढ़ी हैं। हाल ही में सीएम गहलोत ने एक सवाल के जवाब में तंज भरे लहजे में पायलट को लेकर कहा था कि अभी तो वह कांग्रेस में ही हैं। गहलोत समर्थक मंत्री और नेता भी पायलट पर तंज कसते आ रहे हैं। मंत्री रामलाल जाट ने पायलट पर दोगलापन के आरोप लगाये थे। तब पायलट समर्थक मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा था कि ये सब लोग मिल कर सचिन को कांग्रेस से बाहर करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा होगा नहीं। इससे साफ जाहिर होता है कि पायलट और गहलोत के बीच खींचतान बहुत आगे पहुंच चुकी है। अब आलाकमान जब दोनों को आमने-सामने बैठा कर बात करेगा, तभी सुलह का रास्ता निकल सकता है। पायलट के मौजूदा स्टैंड के बाद अब हाइकमान को दखल देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। कांग्रेस आलाकमान के लिए यह बहुत नाजुक वक्त है। कांग्रेस छोड़ कर जानेवाले नेताओं की लाइन लगी है। ऐसे में आलाकमान नहीं चाहेगा कि जिस नेता को असेट कहा, उसके खिलाफ एक्शन लिया जाये। हालांकि इस पूरे मुद्दे पर गहलोत के साथ हाइकमान को भी डैमेज कंट्रोल का तरीका तो खोजना ही पड़ेगा।

# रामगढ़ में एलआइसी आफिस के बाहर 29 लाख की लूट

## अपराधियों की गोलीबारी में एक कैश अधिकारी को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**बैंक में रकम जमा करने के लिए ले जा रहे थे सुरक्षाकर्मी, आधा दर्जन थे नकाबपोश हथियारबंद हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम**

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भीड़भाड़वाले इलाके में दिनदहाड़े नकाबपोश लुटेरों ने हथियार के बल पर एलआइसी के 29 लाख 34 हजार 797 रुपये लूट लिये। एलआइसी में जमा इस रकम को बैंक में जमा करने के लिए सुरक्षाकर्मी आइडीबीआइ बैंक ले जा रहे थे। इसी दौरान हथियारबंद अपराधियों ने उन पर हमला किया और रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गये। आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।





### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे एलआइसी ऑफिस से 29 लाख 34 हजार 797 रुपये लेकर एसआइएस कंपनी के सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी आइडीबीआइ बैंक जा रहे थे। घात लगाये अपराधियों ने एलआइसी ऑफिस से बाहर निकलते ही सुरक्षाकर्मियों और कैश अधिकारी पर हमला कर दिया। अपराधियों के पास हथियार थे और उन लोगों ने कई राउंड गोली भी चलायी। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखा बरामद किया है।

### कैश अधिकारी घायल

गोलीबारी में एक कैश अधिकारी प्रेम कुमार मिश्रा को गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार वह खतरे से बाहर हैं। अपराधियों ने एक अन्य कैश अधिकारी संतोष कुमार पांडे पर भी गोली चलायी, लेकिन वह बाल-बाल बच गये। अचानक हुई गोलीबारी से घबराये सुरक्षाकर्मी और कैश अधिकारी ने भाग कर अपनी जान बचायी। इस दौरान रुपयों से भरा बैग सड़क पर ही छोड़ दिया, जिसे लेकर सभी लुटेरे फरार हो गये। इधर, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी है। वहीं, पुलिस ने इस वारदात के उद्भेदन के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है।

### कांड का उद्भेदन जल्द : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि अपराधियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। इसके अलावा जिस बाइक का इस्तेमाल अपराधियों ने किया है, उसकी भी तलाश की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर कांड का उद्भेदन किया जायेगा। उन्होंने शहर वासियों को इस बात का भी संकेत दिया है कि दहशत में रहने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस अपना काम बखूबी कर रही है।

# हथियार लेकर मदरसा पहुंचा शिक्षक नदीम अंसारी गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में मंगलवार को पिपराटांड़ पुलिस के एक विशेष दल ने मदरसा के एक शिक्षक से एक देसी पिस्तौल और एक गोली बरामद करते हुए गिरफ्तार किया है। शिक्षक अपने पास पिस्तौल और गोली किस वजह से रखे हुए था, इसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है। कहां से उसने हथियार खरीदे थे, इसके लिए शिक्षक से पूछताछ की जा रही है। जिला



मुख्यालय डाल्टनगंज से 60 किलोमीटर और पिपराटांड़ थाना क्षेत्र से सात से आठ किलोमीटर दूर होटवार के मदरसा में उक्त कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गयी।

इस बारे में जिला के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि शिक्षक नदीम अंसारी (22) को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। यह मदरसा राज्य सरकार से अनुदानित है। उन्होंने बताया कि शिक्षक को उस वक्त दबोचा गया, जब वह मदरसा में बच्चों को पढ़ाने जा रहा था और जैसे ही मदरसा में कदम रखा, उसके पांच मिनट बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि शिक्षक मूल रूप से इसी थाना क्षेत्र के लोहरसी का निवासी है और वह मदरसा का नियमित शिक्षक है। गिरफ्तारी अभियान में पिपराटांड़ के थाना प्रभारी हीरालाल साह दल बल के साथ शामिल थे। उन्होंने जानकारी दी कि गुप्त सूचना मिलने के बाद मजिस्ट्रेट के साथ टीम बना कर छापामारी की गयी और मदरसा शिक्षक नदीम को धर दबोचा गया।

### संजय तिवारी के खिलाफ आरोप गठन 15 को

**रांची।** 100 करोड़ के मिड डे मील घोटाला के आरोपित संजय तिवारी के खिलाफ 15 अप्रैल को आरोप गठन (चार्ज फ्रेम) होगा। संजय तिवारी के आरोप गठन से पहले रांची इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दोनों पक्षों की ओर से बहस की गयी। इसके बाद न्यायालय ने आरोप गठन के लिए 15 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि संजय तिवारी ने कुछ दिनों पूर्व इडी कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। मिड डे मील के करीब 100 करोड़ एसबीआइ धुर्वा ब्रांच से भानू कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित कर दिये गये थे।

# देवघर के हिंदी विद्यापीठ से जारी 2015 तक के सभी प्रमाण पत्र होंगे मान्य

## हाइकोर्ट ने सरकारी आदेश को किया निरस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत में नौकरी से निकाले जाने के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी के प्रमाण पत्र को सही बताते हुए राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया।

### 26 फरवरी 2015 तक जारी सभी प्रमाणपत्र होंगे मान्य

अदालत ने कहा कि देवघर के हिंदी विद्यापीठ के 26 फरवरी 2015 तक जारी सभी प्रमाणपत्र मान्य होंगे। अदालत ने सरकार के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें 26 जून 2014 से पहले जारी मैट्रिक और अन्य प्रमाणपत्रों को निरस्त कर दिया गया था।

### कोर्ट ने सरकार के आदेश को बताया गलत

अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के पूर्व के एक फैसले का हवाला भी दिया। अदालत ने कहा कि पूर्व में हाइकोर्ट ने एक अन्य मामले में यह स्पष्ट आदेश दिया है कि हिंदी विद्यापीठ से 26 फरवरी 2015 तक जारी प्रमाणपत्र वैध माने जायेंगे। ऐसे में सरकार का यह आदेश सही नहीं है।

इस संबंध में सरोजिनी हांसदा की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। याचिका में कहा था गया कि वह स्वास्थ्य विभाग में अनुकंपा के आधार पर अनुसेवक के पद पर नियुक्त हुई हैं। सरकार ने बिना किसी नोटिस के यह कहते हुए उनकी सेवा समाप्त कर दी कि उनका मैट्रिक का प्रमाण पत्र देवघर विद्यापीठ से जारी हुआ है, जो मान्य नहीं है। प्रार्थी का सर्टिफिकेट 23 जनवरी 2014 को जारी हुआ था। अदालत ने पूर्व के आदेश का हवाला देते हुए इससे संबंधित सरकार का आदेश को निरस्त कर दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.2 °C | 23.2 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.33 बजे |

**सचिवालय घेराव कार्यक्रम : आरोप-कार्यकर्ताओं पर सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज किया गया**

# लाठी-गोली से जनता की आवाज को दबा रही है सरकार : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस की ओर से भाजपा कार्यकर्ताओं पर आंसू गैस के गोले छोड़े जाने और लाठीचार्ज किये जाने पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर जिस तरह से पुलिस ने सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज किया है और आंसू गैस के गोले छोड़े हैं, वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है। सरकार लाठी-गोली के सहारे जनता की आवाज को दबाना चाहती है। लूट और भ्रष्टाचार में डूबी हेमंत सरकार अब ज्यादा दिनों की नहीं है। लाठी- गोली से जनता की आवाज को दबानेवाली इस सरकार के खिलाफ भाजपा के कार्यकर्ता ज्यादा दिनों तक चुप नहीं बैठेंगे। हम लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

## हेमंत सरकार हिंसा का सहारा ले रही है : दीपक प्रकाश

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलन को दबाने के लिए हेमंत सरकार हिंसा का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि लाख कोशिश कर लें हेमन्त सोरेन, लेकिन जनता की आवाज को वह दबा नहीं सकते। हम मोदी जी के सिपाही हैं। लूट और भ्रष्टाचार को कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते। हर मोर्चे पर जनहित में आवाज उठाते रहेंगे।



## सरकार लुटवा रही आदिवासियों की जमीन : अर्जुन मुंडा

सचिवालय घेराव से पहले प्रभात तारा मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार के कुशासन से जनता त्रस्त है। इस सरकार में राज्य को लूटनेवालों की जमात है। युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया गया है। खनिजों की लूट हो रही है। राज्य के आदिवासी और उनकी जमीन असुरक्षित है। सरकार के संरक्षण में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। सरकार बेशर्मी से इन चीजों को बढ़ावा दे रही है।



## सरकार ने सिस्टम को सर्कस बना दिया है: रघुवर

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि आज से हेमंत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भ्रष्टाचार और परिवारवाद के कारण राज्य विनाश की ओर जा रहा। कहीं विकास नहीं दिख रहा। सरकार ने 2019 में बड़े-बड़े वादे किये थे, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हुआ। सरकार ने सिस्टम को सर्कस बना कर रख दिया है। कोई अफसर नहीं रहना चाहते, इसलिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाते हैं। राज्य में कमीशनखोर सरकार है। बिना कमीशन दिये राशन कार्ड नहीं बन रहा है। जब-जब राज्य में यूपीए गठबंधन की सरकार बनती है, तब-तब राज्य शर्मशार होता है।



## भाजपा का प्रदर्शन, समय के साथ



- 10:31-प्रभात तारा मैदान में जुटने लगे भाजपा कार्यकर्ता, कुछ देर में करेंगे सचिवालय का घेराव।
- 0:50-प्रभात तारा मैदान पहुंचे भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी।
- 11:00- पूर्व सीएम रघुवर दास समर्थकों से साथ पहुंचे।
- 11:45-प्रभात तारा मैदान में धीरे-धीरे बढ़ने लगा भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा।
- 12:25- प्रभात तारा मैदान पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

1.00-प्रभात तारा मैदान में हर तरफ भाजपा कार्यकर्ता आने लगे नजर।

- 1.30- सचिवालय घेराव के लिए नेता और कार्यकर्ता हुआ रवाना।
- 1.40-पुलिस द्वारा लगाये गये एक-दो बैरिकेडिंग को कार्यकर्ताओं ने तोड़ा।
- 1.45- पार्टी के नेता बैरिकेडिंग के पास ही धरने पर बैठे।
- 1.50- भारी संख्या में कार्यकर्ता सचिवालय घेराव करने के लिए बढ़ने लगे।
- 1:55 - धुर्वा गोल चक्कर तक पहुंचे कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने का किया प्रयास।
- 1.56- भाजपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने खोला वॉटर कैनन।
- 2.00- पुलिस ने किया लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े।
- 2.05- नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। तितर-बितर हुए प्रदर्शनकारी।
- 2.20-कार्यकर्ता फिर से धुर्वा गोलचक्कर के पास जुटे और बैरिकेड तोड़ने का प्रयास।
- 2.30-पुलिस द्वारा फिर से लाठी चार्ज किया गया। इसके बाद दूसरी ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गयी। आंसू गैस के गोले भी दोबारा छोड़े गये।
- 3.15-मामला हुआ शांत। क्षेत्र की स्थिति हुई सामान्य।
- 3.35- भाजपा कार्यकर्ता लौटे। प्रदर्शन हुआ खत्म।

# सरकार के विरोध के साथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

**घेराव कार्यक्रम : पार्टी ने दीपक प्रकाश के नेतृत्व में दूसरी बार दिखायी ताकत**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकतंत्र में धरना, विरोध और प्रदर्शन को जायज माना जाता है। खासकर राजनीतिक दलों के लिए यह एक अचूक हथियार है। इसके जरिए वह अपनी ताकत आंकता है। अपने शक्ति का प्रदर्शन करता है। साथ ही आम लोगों के मन को भांप कर अपने वोट बैंक को भी मजबूत करता है। हेमंत सरकार के गठन के साढ़े तीन साल के भीतर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में पार्टी ने दो बार ऐसा ही कुछ किया है। पहली बार 8 सितंबर 2021 को विधानसभा का घेराव किया था। इसके डेढ़ साल बाद 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव किया गया। दोनों विरोध के मुद्दे भले ही अलग-अलग हों, लेकिन इन प्रदर्शनों में जुटे कार्यकर्ताओं की भीड़ और उत्साह ने साबित कर दिया, भाजपा लगातार अपनी जमीन मजबूत करने में जुटी है।

विधानसभा में नमाज के लिए कमरा देने के मुद्दे पर भाजपा ने 8 सितंबर 2021 को विधानसभा घेराव किया था। उस वक्त स्थानीय सांसद संजय सेठ और विधायक सीपी सिंह और पार्टी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कंधा से कंधा मिला कर चले थे। लाठी चार्ज हुआ। नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया गया। इससे भाजपा की ताकत न ही घटी और न ही मनोबल टूटा। डेढ़ साल बाद 11 अप्रैल 2023 को एक बार फिर इन नेताओं ने पार्टी की ताकत का एहसास करा दिया। इस बार पूरे प्रदेश से नेता और कार्यकर्ता जुटे। सांसद और विधायक शामिल हुए। पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए।

सचिवालय घेराव में लगभग हर जिले से रांची में प्रतिनिधित्व हुआ। राज्य भर से जिस तरह से कार्यकर्ता रांची पहुंचे। सचिवालय का जिस तरह से घेराव किया गया, वह भाजपा की शक्ति को दिखाता है। वहीं, राज्य में पहले से ही नियोजन नीति को लेकर छात्र आंदोलित हैं। भाजपा ने युवाओं के मन को भांपा और सरकार की नीतियों को मुद्दा बना कर लोगों के मन में जगह बनाने का प्रयास किया है। भाजपा को सरकार के विरोध में जनता का कितना साथ मिल रहा, पार्टी कितनी सफल रही, यह तो भविष्य में चुनाव के समय पता चलेगा। फिलहाल मंगलवार के प्रदर्शन को देख कर भाजपा की शक्ति और समर्थकों को कमतर तो नहीं ही आंका जा सकता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।
- **वृष** प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेगा।
- **कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, नौकरी में तरक्की।
- **वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## रांची आ रहे पूर्व मंत्री बडकुंवर के काफिले को बंदगांव पुलिस ने रोका

**बंदगांव (पश्चिमी सिंहभूम)।** भाजपा के झारखंड सचिवालय घेराव के लिए पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई के नेतृत्व में रांची जा रहे भाजपाइयों को बंदगांव पुलिस ने रोका और सभी कार्यकर्ताओं का नाम लिख कर देने को कहा। इसके बाद पूर्व मंत्री समेत सभी भाजपाई एनएच मुख्य मार्ग पर ही धरना पर बैठ गये। इस दौरान हेमंत सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गयी। भाजपा कार्यकर्ताओं के आक्रामक तेवर को देखते हुए बंदगांव पुलिस ने बड़कुंवर गगराई से वार्ता की। इसके बाद काफिला रांची की ओर बढ़ा। इस मौके पर पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराईं ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी। राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। आज विकास के नाम पर सिर्फ सरकारी राशि की बंदरबांट हो रही है। ऐसी सरकार को जनता चुनाव में जवाब देगी। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री प्रताप कटिहार, भाजपा नेता जयकिशन बिरौली, रामानुज शर्मा, दुनिया कुमार, राजेंद्र मछुआ समेत काफी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-29-2023, दिनांक: 10.04.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-29-2023। कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन रामगढ़ कैंट., सुइसा, पिस्का, बालसिरिंग, गोविन्दपुर रोड पर 12 मी. चौड़े एफओबी का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 37,03,94,273.37। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 01.05.2023 को अपराह्न 3:00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रांची-834003 के कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है। **(PR-29)**

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. GSU-ST-SBP-TENDER-2023-02, दिनांक :05.04.2023

**कार्य का नाम :** आरंग महानदी स्टेशन में दो संख्यक अतिरिक्त लूप (loop) लाइन के प्रावधान के लिए सिग्नल एवं दूरसंचार अंश का कार्य ।

**निविदा मूल्य (रुपये में):** 1,65,19,177,02, **बोली प्रतिभूति (रुपये में)** : 2,32,600/-

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक : 28.04.2023 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

**द्रष्टव्य** : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/ GSU सम्बलपुर

PR-06/CG/23-24


**सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर तंज कसा : झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने किया पलटवार**

# हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से बौखला गयी है भाजपा : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता नहीं जुटे तो बहाने बना रहे। सबसे अधिक समय तक भाजपा ने शासन कर राज्य को गर्त में धकेला। अब हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से बौखला गये हैं भाजपा के नेता।

### सचिवालय घेराव फ्लाप

भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फ्लाप करार दिया है। झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि इससे अधिक भीड़ तो नुक्कड़ सभाओं में होती है। सचिवालय घेराव कार्यक्रम में इनके कार्यकर्ता नहीं जुटे तो भाजपा के नेता सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बहाने बना रहे हैं। भाजपा के नेताओं ने मजमा लगाकर पुलिस बल पर पत्थर फेंके। सवाल उठाया कि यह जांच का विषय है कि पत्थर चलाने का प्रशिक्षण भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को कहां देती है। मुट्ठी भर उत्पाती लोगों के सहारे भाजपा राज्य में फिर से सत्ता पर



काबिज होने का सपना देख रही है। दरअसल भाजपा के नेताओं को हेमंत फोबिया हो गया है। भाजपा के सारे नेता हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से डर गये हैं। यही कारण है कि एक-दूसरे को पसंद नहीं करने वाले भी एक मंच पर आकर ज्ञान दे रहे हैं। इन्हें लग रहा है कि हेमंत सोरेन की लोकप्रियता के आगे ये टिक नहीं पायेंगे। इन्हें दिन-रात सपने में हेमंत सोरेन नजर आते हैं। शायद सपने में भी हेमंत-हेमंत चिल्लाते होंगे। इनकी सत्ता पाने की बौखलाहट को राज्य की जनता समझ चुकी है। आज आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और समाज के वंचित वर्ग तक सरकार पहुंच रही है। युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। उच्च शिक्षा के लिए सरकार छात्रवृति प्रदान कर रही है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है। कोरोना काल में सबसे ज्यादा काम हेमंत सोरेन ने कर दिखाया। उस दौरान भी राज्य के विकास की गति धीमी नहीं हुई। किसी को भूखे पेट सरकार ने सोने नहीं दिया। देश-विदेश में हेमंत सोरेन की प्रशंसा हुई। यह झारखंड विरोधी भाजपा के नेताओं को पच नहीं रहा है। भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने नकार दिया। डबल इंजन सरकार की बात करने वाले रघुवर दास अपनी सीट तक गंवा बैठे। भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने अपना नेता बना दिया। हेमंत सोरेन के खिलाफ बोलने का इन्हें नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने नकार दिया है। इन्हें जनादेश का सम्मान करना चाहिए।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



## आइपीएस प्रशांत सिंह डीजी रैंक में प्रोन्नत

**रांची।** झारखंड कैडर के सीनियर आइपीएस अधिकारी प्रशांत सिंह को डीजी रैंक में प्रोन्नति मिल गयी है। इस संबंध में गृह विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। 1992 बैच के अधिकारी प्रशांत सिंह अभी झारखंड पुलिस भवन निर्माण निगम में सीएमडी हैं। इसी पद पर बने रहेंगे। आइपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा के सेवानिवृत्ति के बाद डीजी रैंक में एक पद खाली हो गया था। श्री सिंह झारखंड में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं।

## इडी ने आलोक रंजन को गिरफ्तार किया


**रांची।** इडी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी आलोक रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम मनी लॉड्रिंग केस में जेल में बंद हैं। इस मामले में इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापामारी की थी। इस दौरान लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात के अलावा देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

### वीर अमर शहीद सिद्धो-कान्हू को श्रद्धांजलि दी

# जनता का दर्द सुनना और उसे दूर करना सर्वोच्च प्राथमिकता: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वीर अमर शहीद सिद्धो-कान्हू की जयंती पर सीएम हेमंत सोरेन उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने अपना सिर को सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा के चरणों में जैसी झुकाकर नमन किया, तो क्रांति स्थल, पंचकठिया, साहिबगंज में मौजूद हजारों लोग भाव विभोर हो गये। मुख्यमंत्री समाज सुसार बैसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्रांति स्थल, पंचकठिया में शामिल हुए. इस दो दिवसीय कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। सीएम ने शहीदों के जीवन का अनुकरण करने की बात कही। मुख्यमंत्री अमर शहीद सिद्धो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह भी गये। जहां वीर शहीद सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके वंशजों को सम्मानित किया।



**समस्याओं का हो त्वरित निष्पादन: सीएम**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को धरमपुर, पतना, साहिबगंज में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों से मिले। उन्होंने कहा राज्य की जनता को कष्ट न हो, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाये। लोगों के दुख-दर्द को सुनना और उसे दूर करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही लोगों की समस्याओं के उचित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। लोगों ने भी मुख्यमंत्री द्वारा इस दिशा में किये जा रहे सकारात्मक पहल की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के प्रयासों से उन्हें योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर सीएम के साथ सांसद विजय हांसदा भी मौजूद थे।

### विहिप प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# जमशेदपुर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रांत की विश्व हिंदू परिषद की इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से जमशेदपुर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में आठ, नौ एवं 10 अप्रैल को जमशेदपुर महानगर कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर में असामाजिक तत्वों ने प्रतिबंधित मांस के टुकड़ों को पोटली बनाकर महावीरी झंडा के बांस में बांधने की घटना की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह,



प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर शामिल थे।

प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा जिस प्रकार से झारखंड सरकार तुष्टिकरण की नीति को अपनाते हुए उसके प्रशासन द्वारा हिंदुओं के प्रति दमनकारी नीति अपनाकर प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में श्रीरामनवमी महोत्सव के निमित्त लगाये गये महावीरी झंडा के बांस पर प्रतिबंधित मांस को बांधकर अपवित्र करने की कुचेष्टा ही नहीं की गयी बल्कि हिंदू समाज के धार्मिक आस्था पर प्रहार किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर को क्षति पहुंचायी गयी। इससे आक्रोशित लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस व अधिकारियों पर पत्थरबाजी एवं पेट्रोल बम इत्यादि से हमला किया गया। डॉ साहू ने कहा कि झारखंड सरकार के हिंदू विरोधी रवैया के विरोध में मंगलवार को बजरंग दल, झारखंड के तत्वावधान में प्रांत के सभी प्रखंड एवं जिला केंद्रों पर झारखंड सरकार का पुतला दहन कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सचिवालय घेराव: बीजेपी के कई नेताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार के खिलाफ सचिवालय घेराव 'हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ' अभियान के तहत मंगलवार को झारखंड बीजेपी के कार्यकर्ता राज्यभर से रांची पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जम कर प्रदर्शन किया। वहीं सचिवालय घेराव आंदोलन के बीच उग्र प्रदर्शन करने और बैरिकेडिंग तोड़कर आगे आनेवाले बीजेपी के कई नेताओं को जिला पुलिस ने हिरासत में लिया। उन नेताओं में रांची सांसद संजय सेठ, चतरा सांसद सुनील सिंह, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, गोड्डा विधायक अमित मंडल, राज्यसभा सांसद समीर उरांव समेत कई अन्य नेता शामिल हैं। प्रशासन की तरफ से धुर्वा गोल चक्कर के पास बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किया गया था। इसके अलावे जिला डीसी राहुल कुमार सिन्हा और रांची एसएसपी समेत कई अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

## लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ हों : निशिकांत

गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने अपने संबोधन में कहा लोकसभा और विधानसभा का चुनाव अलग-अलग होता है। हमारे लोकसभा चुनाव के बाद केवल 6 महीने का वक्त मिलता है तो हम चुनाव आयोग पर दबाव बनायेंगे कि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ हों।

## तीन हजार कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे सन्नी टोप्पो

**रांची।** भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपनी ताकत दिखायी। वह लगभग तीन हजार कार्यकर्ताओं के साथ जत्थे में प्रभात तारा मैदान पहुंचे। वह विभिन्न गाड़ियों में भर कर कार्यकर्ता लाये थे। सभी के हाथों में भाजपा का झंडा था। सन्नी टोप्पो को लाठीचार्ज के दौरान चोट भी आयी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता मौजूदा सरकार के कार्यकलाप से ऊब चुकी है और इस सरकार को बदलना चाहती है। प्रभात तारा मैदान में जुटी भीड़ इसका गवाह है।

## भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की रही बड़ी भागीदारी

**रांची।** प्रदेश भाजपा के आहूत झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभायी। प्रदेश किसान मोर्चा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आये किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का नेतृत्व प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ललित ओझा, अमरनाथ चौधरी, अर्जुन सिंह, काशीनाथ महतो, राजकुमार सिंह, मुकेश सिंह, वैभव सिंह, अजय दुबे, अवधेश दूबे, सुरेंद्र मंडल, अंचल तिवारी, वृंद कुमार साहू, विशाल साहू, नरेंद्र सिंह तोमर, संजय मंडल, लाल प्रमोदनाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो, नरेंद्र पांडेय, बलसाय महतो, शोभा सिंह, अनुपमा कुमारी, अभय कुमार, अशोक पांडेय, सुनील कुमार साहू, रविंद्र शर्मा सहित कई अन्य मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## युवाओं के साथ सचिवालय घेरने पहुंचे रमेश सिंह

**घायल कार्यकर्ताओं को पहुंचाया अस्पताल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा केसचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह के नेतृत्व में लगभग 3000 युवाओं का जत्था रातू रोड के बिरला मैदान से निकल कर पहाड़ी मंदिर, हरमू रोड होते हुए धुर्वा के प्रभात तारा मैदान पहुंचा। घेराव कार्यक्रम के दौरान घायल हुए कार्यकर्ताओं को रमेश सिंह ने अपने निजी वाहनों से घायलों को



पारस अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों का इलाज जब तक नहीं हो गया, तब तक अस्पताल में ही डटे रहे। इस मौके पर नेता विनय सिंह, भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता डॉ मिंटू चौबे, पार्षद अशोक यादव, पार्षद दिलीप गुप्ता, रितेश तिवारी, महावीर सिंह, नीरज शहदेव, बंटी शर्मा, विनय राज, नीतीश सिंह, सोनू दुबे, नलिन पाण्डेय, भीम प्रभाकर, राजू रजक सहित अन्य मौजूद थे।

## भ्रष्टाचारी, युवा विरोधी, किसान विरोधी है राज्य सरकार: ललित नारायण ओझा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा के आह्वान पर सचिवालय घेराव के लिए किसान मोर्चा के महामंत्री ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता पंडरा बाजार से जुलूस के रूप में पिस्का मोड़ पहुंचे। पिस्का मोड़ से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संजय कुमार जयसवाल ने सैकड़ों की संख्या में सम्मिलित हुए। इसके बाद महानगर कार्यालय जुलूस में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रांची की मेयर आशा लकड़ा, विधायक सीपी सिंह, रांची महानगर के पूर्व अध्यक्ष सतनारायण सिंह, सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय सहित हजारों



कार्यकर्ता जुलूस के रूप में जगन्नाथपुर मैदान पहुंचे। जुलूस के रूप में सचिवालय जाने के लिए कार्यकर्ता निकले। जुलूस में लाठीचार्ज में किसान मोर्चा के महामंत्री ललित नारायण ओझा बुरी तरह घायल भी हुए।

## विनोद महतो के नेतृत्व में घेराव में शामिल हुए सैकड़ों कार्यकर्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सचिवालय घेराव में मंडल अध्यक्ष विनोद महतो के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपर बाजार मंडल से सैकड़ों कार्यकर्ता में उपस्थित रहे। इस सचिवालय घेराव कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बिनोद महतो, महानगर कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार साहू, महानगर ओबीसी मोर्चा मंत्री अशोक चचल, महामंत्री सनी वर्मा, उपाध्यक्ष बाबू राम, दिवाकर सिंह, मंत्री अरविंद महतो, गुड्डू वर्मा, संतोष तिर्की, मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुमन पांडे, ओबीसी मोर्चा प्रेम वर्मा, कार्यसमिति सदस्य विक्की सोनी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# देश की सबसे बड़ी पार्टी 5000 भीड़ नहीं जुटा पायी : जेएमएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के अन्य जिलों से रांची पहुंचे बीजेपी कार्यकर्ता और दिग्गज नेताओं के सचिवालय घेराव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि बीजेपी का यह शो पूरी तरीके से फ्लॉप साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी 5000 भी भीड़ नहीं जुटा पायी। बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश के जनाधार का सच आज दिख गया।



## न खाऊंगा और ना खाने दूंगा का नारा देने वाले लोग आज न काम कर रहे हैं और न करने दे रहे हैं : डॉ कुमार राजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने भाजपा द्वारा आयोजित झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सचिवालय घेराव के नाम पर भाजपा ने जिस तरीके से गुंडागर्दी करने की कोशिश की है, वह शर्मनाक है। कभी जो लोग न खाऊंगा और ना खाने दूंगा का नारा दिया करते थे, आज वही लोग न काम कर रहे हैं और न करने दे रहे हैं। 100 प्रतिशत झारखंडी युवाओं की स्थानीय नौकरियों की बात हो या 60-40 की नीति हो सभी कल्याणकारी नीतियों पर विरोध करने वाले लोग, नहीं चाहते कि झारखंड राज्य विकास के पथ पर दौड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भीधराशायी करने पर तुली हुई है। अंत में प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा के लोग प्रदर्शन के नाम पर माहौल खराब करना चाहते थे। आपने समय रहते इनके गंदे मंसूबे को नाकाम किया। इसके लिए आपकी जितनी भी प्रशंसा की जाये, उतनी ही कम है। राज्य की जनता को माटी और मानुष के प्रतीक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार पर भरोसा है।

# सचिवालय घेराव कार्यक्रम टांय-टांय फिस्स : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ही दूरियां बना ली हैं, जो आज भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि आम जनता के मुद्दे जैसे महंगाई, बेरोजगारी, बैंक घोटाले से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सचिवालय घेराव कार्यक्रम जैसी नौटंकी की है, लेकिन आम जनता के साथ-साथ भाजपा के अपने कार्यकर्ता ही इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। घेराव कार्यक्रम पूरी तरह टांय-टांय फिस्स रहा। उन्होंने कहा कि जब भीड़ नहीं जुटी, तो भाजपा के नेताओं ने इसका ठिकरा प्रशासन के ऊपर फोड़ना शुरू कर दिया और फ्लॉप कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पत्थर और पानी की बोतल तक प्रशासन के ऊपर चलाने का काम किया।

**कहा- आम जनता के मुद्दे जैसे महंगाई, बेरोजगारी, बैंक घोटाले से ध्यान हटाने के लिए भाजपा ने सचिवालय घेराव कार्यक्रम जैसी नौटंकी की है**

### सत्याग्रह अभियान : दुमका और जामताड़ा में कांग्रेस का राज्यव्यापी जयभारत सत्याग्रह कार्यक्रम

# देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करनेवालों को बचाने में लगी है केंद्र सरकार : अविनाश पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चल रहे राज्यव्यापी जयभारत सत्याग्रह कार्यक्रम मंगलवार को दुमका और जामताड़ा में संपन्न हुआ। जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर कांग्रेस के कार्यकर्ता और जनता का समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इस मौक पर झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि अडाणी को बचाने के लिए केंद्र सरकार का पूरा सरकारी तंत्र कार्य कर रहा है, जो देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है। लोग महंगाई से परेशान हैं, अपने बच्चे को दूध तक नहीं पिला पा रहे हैं, रसोई गैस की कीमत एक हजार के पार चली गयी, पेट्रोल-डीजल 100 के पार हो गया है, गरीब ग्रामीणों को आटा और तेल नसीब नहीं हो रहा है, लेकिन देश की मोदी सरकार को इसकी कोई चिता नहीं है। हम सब मिल कर इस संघर्ष को आगे बढ़ायेंगे और जीत हासिल करेंगे। देश की संपत्ति को बेचनेवाली सरकार को उखाड़ फेकेंगे। एक आजादी की लड़ाई और लड़ने के लिए हमें आपका साथ चाहिए। लोकतंत्र बचाने के लिए सत्याग्रह की ही जरूरत है, क्योंकि केंद्र में बैठी सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने पर तुली है।




## अपने हितों के लिए काम कर रही है मोदी सरकार : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता से किये वायदे को भूल कर अपने हितों के लिए काम कर रही है। हमारे नेता राहुल गांधी निडर होकर देश की जनता को मजबूती के साथ उठाने का काम कर रहे हैं। हम इस सत्याग्रह के माध्यम से राहुल गांधी के संदेशों को घर-घर पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि देश आज विषम परिस्थिति के साथ गुजर रहा है। केंद्र की सरकार के द्वारा ही राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार किया जा रहा है। भारत की गंगा जमुना तहजीब को खत्म करने का माहौल भाजपा के द्वारा तैयार किया जाता है और इसके केंद्र के मंत्री अमली जामा पहनाते हैं। इस कार्यक्रम को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक प्रदीप यादव, फुरकान अंसारी, डॉ इरफान अंसारी आदि ने भी संबोधित किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### न्यायाधीश अपरेश सिंह बने त्रिपुरा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाइकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। किरेन रिजिजू ने लिखा कि भारतीय संविधान के तहत राष्ट्रपति ने जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को त्रिपुरा हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है। जस्टिस अपरेश कुमार सिंह लंबे समय से झारखंड हाइकोर्ट में न्यायाधीश हैं। करीब 11 वर्ष पहले उनकी नियुक्ति झारखंड हाइकोर्ट में जज के रूप में हुई थी। हाइकोर्ट में रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई की और महत्वपूर्ण आदेश भी पारित किये। झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को नयी जिम्मेदारी मिलने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### झारखंड कैबिनेट बैठक 17 अप्रैल को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैबिनेट की बैठक 17 अप्रैल को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। पिछली बैठक छह अप्रैल को निर्धारित थी, लेकिन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण बैठक स्थगित कर दी गयी थी। अब 17 अप्रैल को होने वाली बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मंजूरी मिलने की संभावना है।

### केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना-सीजीएचएस की सुविधा अब सैमफोर्ड हॉस्पिटल, रांची में उपलब्ध

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार के अधीन आने वाले समस्त कार्यरत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों का इलाज अब रांची के सैमफोर्ड हॉस्पिटल में सीजीएचएस सुविधा के तहत इलाज होगा। सीजीएचएस अनुबंध के बारे में जीएम कॉरपोरेट कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की सीजीएचएस अनुबंध के तहत अब केंद्रीय सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए सैमफोर्ड हॉस्पिटल में श्रेष्ठ सुविधाओं, श्रेष्ठ डॉक्टरों की टीम के साथ इलाज कराना सुलभ हो गया है। अनुबंध के तहत अब कार्डियोलॉजी, गेस्ट्रोइंटेरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी/ न्यूरो सर्जरी, हड्डी, जॉइंट & सभी प्रकार के रिप्लेसमेंट, यूरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु एवं बाल रोग, इंटरनल मेडिसिन, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, क्रिटिकल केयर, सभी प्रकार की लैब और रेडियोलॉजी जांच की सुविधा सीजीएचएस के तहत उपलब्ध होगी। सीइओ डॉ धनूय ओझा ने कहा कि सैमफोर्ड हॉस्पिटल झारखंड का सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल है और हम अपनी श्रेष्ठ चिकित्सीय सेवा प्रदान करने हेतु कृतसंकल्प है।

### श्री राम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के रांची जिला अध्यक्ष बने मनप्रीत सिंह छाबड़ा

रांची (आजाद सिपाही)। श्री राम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के रांची जिला अध्यक्ष बने मनप्रीत सिंह छाबड़ा। श्री राम सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पितांबर जी महाराज ने मनप्रीत सिंह छाबड़ा को ट्रस्ट रांची जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री छाबरा रांची ग्राउंड लाइंस एनजीओ के सचिव टीम ग्रीन पावर एनजीओ के सदस्य अंजन धाम ट्रस्ट गुमला के सदस्य हैं। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष पवन गुप्ता ने उम्मीद जतायी कि इनके नेतृत्व में ट्रस्ट का समाज सेवा काम तेजी गति से आगे बढ़ेगा।

### रिम्स गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग, पाया गया काबू



रांची (आजाद सिपाही)। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के गर्ल्स हॉस्टल नंबर 2 में मंगलवार दोपहर में आग लग गयी। मिली जानकारी के मुताबिक, हॉस्टल परिसर के पीछे ट्रांसफार्मर में काम चल रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गयी। हालांकि आग कैसे लगी है, इसकी जांच की जा रही है। कर्मचारियों ने इसकी सूचना फौरन वरीय अधिकारियों को दी, जिसके बाद फायर एक्सटिंग्विशर के सहारे आग पर काबू पाया गया। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि जिस वक्त हॉस्पिटल नंबर दो परिसर में आग लगी, उस वक्त मॉक ड्रिल चल रही थी। रिम्स के वरीय अधिकारी और अग्निशमन विभाग के लोग भी मॉक ड्रिल में शामिल थे। आगलगी की जानकारी मिलते ही हॉस्टल में पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। हालांकि किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा कि रिम्स परिसर में अग्निशमन की मुकम्मल व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए 55वीं शासी परिषद की बैठक में अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त करने के प्रस्ताव को पारित किया गया है। फिलहाल हॉस्टल में फायर फाइटिंग के लिए फायर एक्सटिंग्विशर लगाये गये हैं, लेकिन जल्द ही पूरे हॉस्टल (बॉयज-गर्ल्स) में पाइप लाइन के जरिये अग्निशमन की व्यवस्था की जायेगी।

### राज्य सरकार पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन और कोच को देगी नकद पुरस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन और खेल प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार देने का फैसला लिया है। खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय ने इस संबंध में आवेदन मांगे हैं। पेंशन के लिए अपने-अपने जिले के जिला खेल पदाधिकारी के पास 30 अप्रैल तक तथा नकद पुरस्कार राशि के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन करने होंगे। खेल निदेशालय के अनुसार राज्य के अर्जुन अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ध्यानचंद अवार्ड प्राप्त खिलाड़ी, ओलंपिक में भाग लेनेवाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल, एशियन गेम के पदक विजेता पेंशन योजना का लाभ ले सकते हैं। नकद पुरस्कार राशि पाने के लिए 10 जून, 2022 के बाद अंतरराष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों, टीम को उपलब्धि दिलाने वाले, झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रशिक्षक अपने जिले के डीएसओ के पास आवेदन कर सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षक ही पुरस्कार राशि के पात्र होंगे, जिन्होंने कम से कम चार वर्ष पूर्व से प्रशिक्षित किये जा रहे खिलाड़ी अथवा राज्य या भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर पदक दिलाया हो।

### हेनिमैन जयंती मनायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। हम्यौपैथिक मेडिकल एशोसिएशन ऑफ इंडिया रांची यूनिट के द्वारा 10 अप्रैल को निःशुल्क चिकित्सा केंद्र जगन्नाथपुर सेक्टर-3, धुर्वा, रांची में हेनिमैन जयंती मनायी गयी। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथी अखिलेश श्रीवास्तव, जो सेवा भारती से जूरे हुए है। मुख्य अतिथी अखिलेश श्रीवास्तव ने डॉ हैनिमैन की तसवीर पर मलाअर्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उद्घाटन भाषण में अखिलेश श्रीवास्तव ने होमियोपैथिक दवा रोगियों पर कितना कारगर है, इस पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ हैनिमैन की जीवनी पर डॉ संजय कुमार ने प्रकाश डाला। डॉ अजय कुमार ने होमियोपैथिक दवा किस तरह काम करती है, इस पर विस्तार से बताया। डॉ पीके सिंह सचिव ने होमआइ रांची यूनिट द्वारा संचालित चिकित्सा केंद्र का पूर्ण विवरण दिया। सुदूर गांव में निःशुल्क शिविर लगाया गया। साथ ही होमियोपैथी का विकास कैसे होगा, इस पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष डॉ एनपी श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी सदस्य के किये गये कार्यों कि सरहाना की। डॉ संजय कुमार ने आए हुए सभी सदस्यों होमियो प्रेमी एवं दवा कंपनी के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। दवा कंपनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित सदस्य डॉ एन लाल, डॉ बीएन सिंह, डॉ मीरा सिंह, डॉ बी पंडित, डॉ जगन्नाथ पीडी, डॉ शुनील कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ जितंधर सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. रमेय शर्मा, डॉ आरसी मिश्रा, डॉ आरएल राम, डॉ केपी डे बहुत सारे गणयमान व्यक्ती उपस्थित हुए।

# नयी क्रांति की नींव रखने का वक्त है : सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना जागृत कर झारखंड में एक नई क्रांति की नींव रखने का वक्त है। महतो मंगलवार को रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों को अपने तीर-धनुष के आगे झुकने पर मजबूर कर देने वाले महान क्रांतिकारी एवं हूल क्रांति के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू सहित अगणित वीर सपूतों के अविस्मरणीय बलिदान की बदौलत ही आज हम आजाद भारत में सांस ले रहें। उन्होंने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदेश के मजदूर, किसान, नौजवान तथा वंचित वर्ग को हक दिलाकर ही दी जा सकती है। लेकिन आलम तो ये है कि आज अपने ही राज्य में झारखंडी अपना अस्तित्व, अपनी पहचान की तलाश में हैं। सरकार के कार्यों से ऐसा लग रहा कि स्वतंत्रता सेनानियों, आंदोलनकारियों के सम्मान के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं। आज परिस्थितियां विपरीत हैं। यह समय एकजुट होकर झारखंड एवं झारखंडियत के संरक्षण के लिए सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना जागृत कर एक नई क्रांति की नींव रखने का वक्त है। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि सिपाही विद्रोह के वर्षों पूर्व झारखंड के वीर सपूतों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। संताल हूल के दौरान वीर शहीद सिदो-कान्हू के नेतृत्व में हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत दी। लेकिन इतिहास के पन्नों में झारखंड के वीर शहीदों को वो जगह, वो सम्मान नहीं मिला।

## अवतरण दिवस मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को श्री योग वेदांत सेवा समिति युवा सेवा संघ रांची और साधक परिवार की ओर से रांची में पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू के प्रेरणा से पूज्य बापूजी का अवतरण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जगन्नाथपुर कुष्ट कॉलोनी में लोगों के बीच भंडारा, भजन कीर्तन श्री आशारामायण का पाठ महामृत्युंजय का जप कार्यक्रम चला। भजनों की गंगा बहती रही। इस अवसर पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर सेवा मे प्रवीण भाई, अर्जुन प्रसाद, श्याम झा अजय सिंह, मनदीप कुमार, सुरेश राम, प्रेम भाई, विशाल भाई, राजू भाई, सेवा में लगे थे। दूसरी ओर साहित्य स्टॉल नायाक चौक रातू रोड में महामृत्युंजय का हवन जप श्री आशा रामायण का पाठ अमृतमय सत्संग, विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में पूज्य गुरुदेव का अवतरण दिवस मनाया गया। यहां भी भक्तों के बीच भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण और महाप्रसाद ग्रहण कर लोगों ने भजनों पर आनंद लिया। रातू रोड में चंदन सिंह अर्जुन प्रसाद सिंह के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। यहां भी धर्मेंद्र तिवारी ने जाकर गुरु चरणों में शीश झुकाई और प्रसाद ग्रहण किया।

## मेधा ने किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमतें बढ़ायीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड दुग्ध महासंघ (मेधा) ने डेयरी किसानों के दूध उत्पादन में आ रही चुनौतियां जैसे हरे चारे की किल्लत, पशु आहार की बढ़ती कीमत तथा लंपी बीमारी से हुये नुकसान आदि को ध्यान में रखते हुए 11 अप्रैल से किसानों से खरीदे जाने वाले गुणवत्तायुक्त दूध की कीमतों में एक से 3.50 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि की है। राज्य में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जेएमएफ से जुड़े झारखंड के दूध उत्पादकों को झारखंड सरकार द्वारा प्रोत्साहन मूल्य अलग से दिया जाता है। वर्ष 2023-24 के बजट में झारखंड सरकार ने जेएमएफ से जुड़े झारखंड के किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि दो रुपये प्रति लीटर से बढ़ा कर तीन रुपये प्रति लीटर किये जाने की घोषणा की है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मेधा डेरी ने दूध उत्पादकों से प्रतिदिन करीब-करीब 1.50 लाख लीटर के दूध की खरीदारी की तथा उसका मूल्य लगभग 200 करोड़ रुपये का भुगतान सीधा उनके बैंक खातों में किया गया।

## झारखंड महिला पैरा सीटिंग बॉलीबॉल को रजत पदक



रांची (आजाद सिपाही)। तमिनाडु के सिरूवचूर ( पेरंबलूर), में पैरा सीटिंग बॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में फेडरेशन कप का 7 और 8 अप्रैल 2023 को आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 8 राज्यों की सर्वश्रेष्ठ टीमों ने हिस्सा लिया था। राज्य खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखण्ड की महिला दल ने रजत पदक पर कब्जा कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाई। झारखण्ड महिला टीम की कप्तान प्रतिमा तिर्की को दमदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर ऑफ वूमेन से सम्मानित किया गया। 7 अप्रैल से आयोजित प्रतियोगिता में झारखण्ड के दोनों महिला एवं पुरुष वर्गों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग को प्रतियोगिता में चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। पुरुष टीम के कप्तान चंदन लोहारा, मुकेश कंचन, थॉमस हेब्रोम, सनोज महतो, पवन लकड़ा, राजेश कुमार मेहता, कमलेश कुमार, वागीश त्रिपाठी,राजू कर्मकार ,अमित भास्कर, अंकुश कुमार भगत और भोला लकड़ा। जबकि महिला टीम के कप्तान प्रतिमा तिर्की, अनीता तिर्की, पुष्पा मिज, तारामणि लकड़ा, महिमा उरांव, असुंता टोप्पो,लीला कुमारी, संजुक्ता एक्का, जयश्री कुमारी, सीता कर्मकार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। झारखंड वापसी पर खिलाड़ियों को हटिया रेलवे स्टेशन पर पंचायत सोदाग के युवा मुखिया पतरस तिर्की, सोदाग गांव के सिमोन बखला द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष राहुल मेहता, झारखंड डिसएबल क्रिकेट एसोसिएशन की सचिव सरिता सिन्हा, झारखंड दिव्यांग पार्टी के अध्यक्ष डॉ शमशेर आलम राही, संजू कुमारी ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

## गीताश्री उरांव माफी मांगें : फूलचंद तिर्की



रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को केंद्रीय सरना समिति की एक बैठक केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फूलचंद तिर्की ने सरना झंडा के मामले में षड्यंत्र के तहत धार्मिक उन्माद फैलाने के प्रयास की निंदा की। उन्होंने कहा कि अपने आपको आदिवासी समाज की हितैषी कहनेवाली गीताश्री उरांव, जगलाल मुंडा, लक्ष्मी नारायण मुंडा, कुंद्रासी मुंडा और अन्यों के द्वारा किसी प्रकार से कोई समर्थन नहीं किया गया। समर्थन के बजाय उल्टा समर्थकों को रोक कर रांची में बुलाये गये बंद को प्रभावित करने का का प्रयास किया गया। वहीं गीताश्री उरांव के द्वारा यह बयान दिया गया कि लोगों को गुमराह करके रांची बंद कराया गया। गीताश्री उरांव के इस बयान से पूरा आदिवासी समाज आहत है। गीताश्री उरांव अपने बयान के लिए पूरे आदिवासियों से माफी मांगें अन्यथा आरोपियों का पक्ष लेने के मामले में पूरा आदिवासी समाज उनके खिलाफ भी कार्रवाई करेगा। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा, महासचिव संजय तिर्की, विमल कच्छप, बाना मुंडा, अजीत उरांव, निरंजना हेरेंज टोप्पो, रंजीत उरांव, विक्की पाहन, आनंद तांबा, गीता लकड़ा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक्सक्लूसिव ग्रैंड शो में उमड़ रही है भीड़

रांची (आजाद सिपाही)। फैशन पाइंट के एक्सक्लूसिव ग्रैंड शो का भव्य शुभारंभ मेन रोड स्थित होटल कैपिटल हिल में छोटानागपुर की महारानी कुमारी माधुरी मंजरी देवी के कर कमलों द्वारा किया गया। अथिति के रूप में खुशी काकन, मिसेज झारखंड और रंजना स्वरूप, निदेशक शारदा ग्लोबल स्कूल, रांची और डॉ नीलिमा कुमार, प्रोफेसर रांची वीमेंस कॉलेज और दीपाली पांडे, फैशन मॉडल और मिस इंडिया चार्मिंग मॉडल उपस्थित थीं। रांचीवासियों के फैशन सेंस, पसंद, शादियों में पहने जानेवाले आकर्षक परिधान और ज्वेलरी को देखते हुए इस एग्जिबिशन को आयोजित किया गया है। यहां पूरे देश भर से जाने माने डिजाइनर अपने बेस्ट एंड एक्सक्लूसिव कलेक्शन लेकर आये हैं। पहले दिन की शुरूआत से ही कस्टमर्स की भीड़ अपने पसंदीदा परिधानों और ज्वेलरी की खरीदारी में काफी व्यस्त दिखी ताकि कलेक्शंस खत्म न हो जाये।रांची वासियों के लिए सिल्क की साड़ियों के कलेक्शंस और सूट्स के खूबसूरत और आकर्षक डिजाइंस भी यहां उपलब्ध हैं। इस एग्जिबिशन में एंट्री और शॉपिंग पर लकी ड्रॉ से कस्टमर्स ने इनाम भी जीते।

## घायल भाजपाइयों का पारस अस्पताल में हुआ इलाज



रांची (आजाद सिपाही)। प्रभात तारा मैदान में सचिवालय घेराव करने के दौरान लाठीचार्ज में भाजपा के सांसद विधायक समेत कई कार्यकर्ता घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए निकट के पारस हेल्थ अस्पताल ले जाया गया। पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार, फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश सहित अन्य चिकित्सकों ने सभी घायलों का मुफ़्त में प्राथमिक उपचार किया। पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय एवं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश स्वयं सभी घायलों से मिलकर उनका हाल जाना। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, राची सांसद संजय सेठ घायलों के इलाज में पारस अस्पताल के सहयोग की सराहना की। डॉ संजय ने कहा कि पारस अस्पताल अपनी आकस्मिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है।

## श्री श्याम मंदिर में 45वां श्री हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 45वां श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रुप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना गुड़ और फल का प्रसाद अर्पित किया। नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ



व पाठ वाचकओं का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री श्याम मंदिर बजरंग बली सालासर वाले की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री सुंदरकांड पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती की गयी व भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित कर श्री हनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, श्याम सुंदर जोशी और अभिषेक सरावगी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बांग्ला सांस्कृतिक मेला का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे शुभारंभ

रांची (आजाद सिपाही)। बांग्ला सांस्कृतिक मेला का 5 मई को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुभारंभ करेंगे। समापन 7 मई को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में होगा। महोत्सव के द्वितीय दिवस में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बांग्ला सांस्कृतिक मेला का आयोजन आगामी 5 से 7 मई तक मोरहाबादी स्थित पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल प्रांगण रांची कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। बांग्ला सांस्कृतिक मेला के पहले दिन की पहली प्रस्तुति कोलकाता के विश्वव्यापी प्रतिष्ठित नृत्य गोष्ठी डांसर गिल्ड के रंगारंग उत्सव नृत्य से होगी। मेला में आमजनों की निःशुल्क उपस्थिति रहेगी। संपूर्ण मेला प्रांगण को सतरंगी रंगों में सजाया जायेगा। मेला में 35 बंगला परिधान साहित्य, कला कृत्य के प्रदर्शनी सह बिक्री के लिए 35 स्टाल का स्थायी निर्माण किया जायेगा। मेला प्रांगण में 10 पेवेलियन का अस्थायी निर्माण किया जायेगा। बांग्ला खाद्य पदार्थ और पेय की विशाल व्यवस्था प्रांगण के फूड कोर्ट में होगी।

### तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न मामले में अगली सुनवाई 19 अप्रैल को

रांची (आजाद सिपाही)। सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े यौन उत्पीड़न केस की सुनवाई हुई। सुनवाई में बचाव पक्ष ने कोर्ट को गवाहों की सूची नहीं दी। बचाव पक्ष ने फिर से गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। इसके बाद कोर्ट ने आरोपित रकिबुल हसन को 19 अप्रैल तक अपने गवाहों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए अंतिम समय दिया है। अगली सुनवाई के लिए 19 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इस दिन आरोपितों की ओर से अपने गवाहों की सूची अदालत में सौंपी जायेगी। इससे पहले सभी आरोपितों का 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआइ ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किये हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां ट्रायल फेस कर रहे हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था।

### हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा: गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल देने की क्या है तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के विभिन्न जलाशयों और तालाबों के अतिक्रमण संबंधित एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। हाइकोर्ट ने राज्य सरकार तथा नगर निगम से पूछा है कि गर्मी के मद्देनजर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्या इंतजाम किये जा रहे हैं, इसकी जानकारी दी जाये। यह आदेश झारखंड हाइकोर्ट के चीफ संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अपना पक्ष रखा। याचिकाकर्ता खुशबू कटारुका ने रांची के बड़ा तालाब और जिला के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने और इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम और धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों ने हड़प ली है। वहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जलाशयों के जलस्त्रोत प्रभावित होने के साथ ही दूषित भी हो रहे हैं।

### सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा, दायर छह याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगा हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। सातवीं जेपीएससी के अभ्यर्थी सूरज कुमार रजक की रिट याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सातवीं से लेकर दसवीं जेपीएससी परीक्षा को लेकर दायर सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत ने जेपीएससी से जुड़ी अलग-अलग छह रिट याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 12 अप्रैल यानी बुधवार की तिथि निर्धारित की है। प्रार्थी सूरज कुमार रजक की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने हाइकोर्ट में पक्ष रखा। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में कहा है कि उन्हें अपनी केटेगरी में कट ऑफ से ज्यादा अंक मिले हैं, लेकिन जेपीएससी ने उनके जाति प्रमाण पत्र को यह कह कर रद्द कर दिया है कि जाति प्रमाण पत्र विज्ञापन की शर्तों के अनुरूप नहीं था. जिसकी वजह से कई अभ्यर्थियों का चयन नहीं हुआ।

### बूटी गांव में मंडा पूजा को लेकर समिति गठित

रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मंडा मंदिर प्रांगण में बुद्ध पूर्णिमा को मंडा पूजा को लेकर एक समिति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता ललकू महतो ने की। सर्वसम्मति से राम ओहदार को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष अमर महतो, कोषाध्यक्ष लिखेश्वर कुमार, सह कोषाध्यक्ष मनोज महतो, उमेश महतो, सचिव सत्यम कुमार, रजनीकांत ओहदार, अजीत महतो, सह सचिव करण ओहदार, अविनाश महतो, बबलू भंडारी, पंकज बैठा, मुरारी बैठा, उपाध्यक्ष कपिल महतो, तारकेश्वर महतो सहित अन्य को समिति में रखा गया है।

### नगड़ी में दुर्गा मंदिर की जमीन बेच रहे हैं माफिया

रांची (आजाद सिपाही)। नगड़ी के दुर्गा मंदिर की जमीन की बिक्री कुछ स्थानीय माफिया तत्वों द्वारा की जा रही है। इस बाबत समय चौधरी नामक ग्रामीण ने रांची के एसएसपी को ज्ञापन देकर स्थानीय पुलिस द्वारा इस अवैध काम को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि दुर्गा मंदिर के लिए जमीन दान में दी गयी थी, जिसके कागजात उनके पास हैं। जमीन में खेती होती है और इसकी आय से मंदिर का खर्च चलता है। दो साल से कुछ माफिया तत्व गलत कागजात और वंशावली तैयार कर जमीन को बेच रहे हैं। वे जमीन पर खेती भी नहीं होने दे रहे हैं। इस बाबत पिछले साल अप्रैल में रांची सिविल कोर्ट में न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में केस भी किया गया था। अदालत के आदेश के आधार पर 25 जुलाई, 2022 को नगड़ी थाना में कांड संख्या 120/22 के तहत प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी थी। लेकिन स्थानीय पुलिस इस प्राथमिकी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ज्ञापन में प्राथमिकी का अनुसंधान कर जमीन बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गयी है।

### झारखंड राज्य सहकारी बैंक की अध्यक्ष का स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य सहकारी बैंक की नवनियुक्त, निदेशक पर्षद की अध्यक्ष विभा सिंह और निदेशकों का मुख्यालय, रांची के सभागार में झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक इंप्लाइज यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि आज की बैठक में संघ के मॉग पत्र पर विचार कर टर्म इश्योरेंश, स्वास्थ्य बीमा और ग्रुप बीमा को पर्षद के स्तर से पारित कर दिया गया है। संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार धीरज, महासचिव अनुराग सोनम, कोषाध्यक्ष बिशनय कुमार बेदिया, कार्यालय सचिव शंकर रवि और राजेन्द्र खलखो, उपाध्यक्ष श्रेया श्री और चंदन कुमार सोनी, संघ के संरक्षक उमेश कुमार सिंह और राजेश कुमार तिवारी तथा अन्य सदस्य संजय कुमार सिंह, परिशेष पाठक, रोहित रंजन, नीति कुमारी, प्रियंका भारती, नेहा, चंद्रभूषण मिश्रा, विजय कुमार, नीरज कुमार, अमित कुमार, सुजित कुमार, स्वाती स्नेहा औरअन्य सदस्यों ने अध्यक्ष और सभी निदेशकों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। अंत में संघ के अध्यक्ष श्रीरज द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन किया गया।

# ऑनलाइन गेम और सट्टेबाजी चिंताजनक

भारत में पिछले कुछ समय के दौरान जितनी तेजी से स्मार्टफोन और इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ा है, उतनी ही तेजी से ऑनलाइन गैंबलिंग अर्थात ऑनलाइन जुआ के चलन में भी वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 40 प्रतिशत इंटरनेट यूजर ऑनलाइन जुआ खेलते हैं और ऐसा ही रहा तो हम इस मामले में इंगलैंड को पीछे छोड़ देंगे। इसमें आम तौर पर दाव लगाने और पैसे कमाने के लिए इंटरनेट के जरिए वर्चुअल तरीके से जुआ खेला जाता है। इसमें पोकर गेम, स्पोर्ट गेम, कैसिनो गेम आदि शामिल हैं। इन्हें खेलने वाले इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआइ ऑनलाइन पेमेंट मोड क्रेडिट या डेबिट कार्ड आदि के जरिए दाव लगाते हैं और जीत-हार के आधार पर पेमेंट की जाती है। भारतीय कानूनों के अनुसार चांस गेम पर सट्टेबाजी अवैध है, परंतु स्किल गेम पर दाव लगाना कानूनी है। बहरहाल, देश में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार वर्ष जो 2016 में केवल 54.30 करोड़ डालर का था वह मात्र छह वर्षों में ही कई गुणा बढ़ कर 2022 में 2.6 अरब डालर तक पहुंच गया है, परंतु अरबों रुपये का बाजार होने के बावजूद इस पर नियंत्रण के लिए ठोस नियम नहीं हैं। यह कारोबार इतना बढ़ चुका है कि इस समय देश में 900 गेमिंग कंपनियां काम कर रही हैं। ऑनलाइन गेम खेलने वाले औसतन प्रति सप्ताह 8.5 घंटे इस पर बिता रहे हैं और पिछले वर्ष देश में ऑनलाइन गेमों के शौकीनों ने 15 अरब नये गेम डाऊनलोड किये। इस संबंध में जांच के अनुसार कई गेमिंग पोर्टलों ने जानबूझ कर विजेताओं को भुगतान की प्रणाली में हेराफेरी कर रखी है। आर्थिक हानि के अलावा इन गेमों का खेलने वालों की मानसिकता पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है और उनमें हिंसक प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलता है। इसी को देखते हुए लुभावने विज्ञापनों के जरिए दाव लगा कर पैसे कमाने का सपना दिखाने वाले ऑनलाइन गेम बंद करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने छह अप्रैल को इस बारे में एडवाइजरी जारी की है। सरकार के अनुसार सैल्फ रैगुलेटरी आर्गेनाइजेशन (एसआरओ) जांच करने के बाद नियमों पर खरा उतरने पर ही किसी ऑनलाइन गेम को पब्लिक प्लेटफॉर्म पर चलाने की अनुमति देगा। इसके साथ ही सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी सट्टेबाजी के विज्ञापन चलाने से बचने की सलाह देते हुए चेतावनी दी है कि इसका पालन न करने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी तथा ऐसे ऑनलाइन गेम्स को ही स्वीकृति दी जायेगी, जिनमें किसी प्रकार के दाव या बाजी लगाने का काम न हो रहा हो। मीडिया में चल रहे सट्टेबाजी के विज्ञापनों बारे सरकार ने कहा कि कानून के अनुसार सट्टेबाजी और जुआ अवैध हैं। इन्हें बढ़ावा देने से बचें और किसी मीडिया प्लेटफार्म द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सट्टेबाजी का विज्ञापन करने को कानून का उल्लंघन माना जायेगा। भारत सरकार को यह कदम जल्द से जल्द लागू करना चाहिए।


**यह कारोबार इतना बढ़ चुका है कि इस समय देश में 900 गेमिंग कंपनियां काम कर रही हैं। ऑनलाइन गेम खेलने वाले औसतन प्रति सप्ताह 8.5 घंटे इस पर बिता रहे हैं और पिछले वर्ष देश में ऑनलाइन गेमों के शौकीनों ने 15 अरब नये गेम डाऊनलोड किये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2015 में शुरू की गयी पीएमएमवाइ 10 लाख तक का गिरवी-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। यह ऋण सुविधा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआइ) द्वारा दी जाती है, जिनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआइ) शामिल हैं।**

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजना : आजीविका के लिए ऋण समर्थन

**सौम्य कांति घोष**




भारत की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाइ) ने आठ अप्रैल को आठ वर्ष पूरे किये हैं, ऐसे में हम इस ऋण समर्थन कार्यक्रम द्वारा बड़े पैमाने पर किये गये परिवर्तनों पर नजर डाल सकते हैं, जिसकी परिकल्पना 2014-15 के निराशा से भरे दिनों में की गयी थी, जब हमारा औपचारिक वित्तीय क्षेत्र, विशेष रूप से देश के सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने पर इसके प्रभाव को लेकर, खराब ऋणों के दौर से गुजर रहा था। पीएमएमवाइ केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जो स्व-रोजगार को प्रोत्साहित करती है। यह योजना उन सूक्ष्म और स्वयं के प्रयासों से परिचालित उद्यमों को लक्षित करती है, जो भारत में एक जीवंत व्यापार इकोसिस्टम का निर्माण करते हैं। सूक्ष्म उद्यम ज्यादातर विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार और सेवाओं से जुड़े हैं और इनमें से कई इकाइयां एकल-स्वामित्व वाले व्यवसाय की श्रेणी में हैं। देश की औपचारिक या संस्थागत संरचना, इन इकाइयों तक पहुंचने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ थी। ये इकाइयां बड़े पैमाने पर स्व-वित्तपोषित थीं या व्यक्तिगत नेटवर्क या साहूकारों पर निर्भर थीं। इस अंतर को ध्यान में रखते हुए, बैंक सुविधा से वंचित बड़े क्षेत्र और औपचारिक ऋणदाताओं के बीच आसान माध्यम बनाने के उद्देश्य से पीएमएमवाई की शुरुआत की गयी थी। 2015 में शुरू की गयी पीएमएमवाइ 10 लाख तक का गिरवी-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। यह ऋण सुविधा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआइ) द्वारा दी जाती है, जिनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआइ) शामिल हैं।

**इस योजना ने छोटे उद्यमों को समर्थन दिया है और शुरुआत के आठ वर्षों में भारतीय सूक्ष्म-ऋण इकोसिस्टम को पुनर्जीवित किया है।**

पीएमएमवाइ के तत्वावधान में, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण संस्थान (मुद्रा) ने तीन उप-योजनाएं तैयार कीं, जिनमें केवल ऋण धनराशि की रकम की दृष्टि से भिन्नता है: शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण के लिए), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये तक के लिए) और तरुण (500,001 रुपये से 10 लाख रुपये तक के लिए)। शिशु, किशोर और तरुण के रूप में उप-योजनाओं के ये नाम भी लाभार्थी सूक्ष्म इकाई के विकास और इसकी धन संबंधी जरूरतों के चरण को दशार्ते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो ऋण लेने का पात्र है और उसके पास एक छोटे व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है।

लॉन्च होने के बाद से, इस योजना में कई बदलाव हुए हैं। उदाहरण के तौर पर, सकारात्मक आर्थिक प्रभाव को अधिकतम करने के लिए इसके लक्षित क्षेत्र का विस्तार किया गया है। प्रारंभ में, पीएमएमवाइ केवल विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्रों में आय सृजित करने वाले गतिविधियों को कवर करती थी। हालांकि, 2016-17 से कृषि से जुड़ी गतिविधियों और आजीविका को बढ़ावा देने वाली सहायक सेवाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है; 2017-18 से, ट्रैक्टर और पावर टिलर की खरीद के लिए ऋण मंजूर किये गये हैं और 2018-19 से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दुपहिया वाहन खरीदने के लिए ऋण को भी शामिल किया गया है।

इस योजना ने कुल ऋण-वितरण में पहले तीन वर्षों में औसतन 33% की वृद्धि दर्ज की। इससे पता चलता है कि इसके प्रस्ताव का लोगों ने स्वागत किया है। कोविड महामारी के प्रकोप और उसके बाद आर्थिक गतिविधियों में मंदी ने इन ऋणों की मांग को प्रभावित किया। इस चरण के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के एक विशेष राहत की घोषणा की, जिसके तहत सभी ऋण देने वाली संस्थाओं को योजना के अंतर्गत सभी किस्तों के भुगतान पर छह महीने की छूट देने का प्रावधान था।

अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के बाद पीएमएमवाइ के तहत ऋण की मांग में तेजी आई है। अधिकांश श्रेणियों में ऋण-वितरण कोविड-पूर्व के स्तरों को पार कर गये हैं। 24 मार्च 2023 तक, योजना का संचयी ऋण-वितरण धनराशि 22.65 ट्रिलियन रुपये है। शिशु ऋण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40% है, जिससे पता चलता है कि पीएमएमवाइ ने बड़े पैमाने पर पहली बार के उद्यमियों को समर्थन प्रदान किया है।

पीएमएमवाइ का आर्थिक प्रभाव अब अच्छी तरह से स्थापित हो चुका है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, इस योजना ने 2015 से 2018 की अवधि के दौरान 11.2 मिलियन शुद्ध अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने में मदद की थी। पीएमएमवाइ का सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे तीन स्तरों पर समझा जा सकता है। योजना के प्रभाव, विशेष रूप से इन तीन स्तरों पर हैं - (1) व्यापक सामाजिक समूह (2) महिलाएं और (3) अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्य।

पहले के संदर्भ में, पीएमएमवाइ ने भारतीय समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया है: सामान्य, अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) समूह और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)। हाल के दिनों में इन ऋणों का लाभ उठाने में ओबीसी और एससी की बढ़ती भागीदारी इस योजना की व्यापक पहुंच का संकेत देती है। योजना की सबसे प्रशंसनीय उपलब्धियों में से एक है - महिला उद्यमिता को बढ़ावा। शुरुआत के बाद से इसके संचयी आंकड़ों में, महिलाओं द्वारा धारित खातों की हिस्सेदारी 69% है, जबकि मंजूर की गयी सूची में महिलाओं की हिस्सेदारी 45% है। योजना के पहले चार वर्षों में, महिला उद्यमियों के लिए ऋण-वितरण में औसतन 23% की वृद्धि दर्ज की गई। 2022 में, इसने 28% की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए अपने कोविड-पूर्व के स्तर को पार कर लिया। समावेश के अन्य उपायों में भी पीएमएमवाइ का प्रदर्शन अच्छा रहा है। यह योजना अल्पसंख्यकों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम रही है। अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के लिए ऋण, 2022 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और कुल ऋण में उनकी कुल हिस्सेदारी 10% रही, जिसमें शिशु और किशोर ऋण का हिस्सा, कुल संचयी ऋण-वितरण का 85% था।

चूंकि पीएमएमवाइ एक राष्ट्रीय योजना है, संतुलित आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से इसकी सभी स्थानों पर उपस्थिति एक महत्वपूर्ण विचार है। भारत की विकास नीति का एक उद्देश्य देश के फलते-फूलते पश्चिमी और पिछड़े पूर्वी भागों के बीच के अंतर को कम करना रहा है। खातों की संख्या और वितरित धनराशियों पर आधारित हर्फ़िन्डिहल सघनता सूचकांक का अनुमान, राज्यों और उत्पादों के सन्दर्भ में इस योजना के महत्वपूर्ण विस्तार को दशार्ता है। यह प्रभावशाली भौगोलिक कवरेज को इंगित करता है।

उत्तर प्रदेश, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों को पीएमएमवाइ से कई तरह के लाभ हुए हैं। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा ने भी अपने कुल हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है (और किशोर और तरुण श्रेणियों में भी), जो लाभार्थियों के सन्दर्भ में, पूर्वी भाग की ओर प्रवाह का संकेत देती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा जैसे विकसित क्षेत्रों ने अपनी हिस्सेदारी में गिरावट देखी है, भले ही वे इस योजना में अपेक्षाकृत प्रमुख भूमिका में रहे हों।

कुल मिलाकर, पीएमएमवाई ने, अपने संचालन के नौवें वर्ष के दौरान, सामाजिक समूहों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर, वाणिज्यिक-बैंक ऋण की दृष्टि से महिलाओं की भागीदारी दर को दोगुना कर-के और अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी को बढ़ावा देकर; लाभों के समान और निष्पक्ष स्थान-आधारित वितरण के अपने उद्देश्य हासिल किये हैं।

आने वाले वर्षों में, यह आवश्यक है कि पीएमएमवाई 5जी तकनीक और ई-कॉमर्स के लाभों को प्राप्त करे, भले ही मुद्रा कार्ड को और अधिक लोकप्रिय किया जा रहा हो। स्व-खाता उद्यमों के पंजीकरण और औपचारिकता को प्रोत्साहित करना, इस योजना को नई ऊंचाई पर ले जाने का एक और तरीका हो सकता है।

विख्यात मानवविज्ञानी ऑस्कर लुईस ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक, द्याद चिल्ड्रन ऑफ सांचेजद्ध में तर्क दिया था कि ₹गरीबी की संस्कृति₹ समय के साथ खुद को कायम रखती है और अक्सर सीमाओं को पार कर जाती है। पीएमएमवाई ने, बहुत कम समय में, न केवल गरीबी की इस संस्कृति को समाप्त करने के प्रयास किये हैं और इसे बदल देने में सफल रहा है, बल्कि भारतीय सूक्ष्म-ऋण इकोसिस्टम में जीवंतता और द्यकर-सकते-हैंद्ध की भावना का संचार किया है। पीएमएमवाई स्पष्ट रूप से 'सामान्य समस्याओं' का एक असामान्य समाधान रहा है।

**(लेखक : समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय स्टेट बैंक हैं और ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# कांग्रेसियों ने बढ़ती महंगाई के विरोध में किया विशाल नुक्कड़ सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार के निर्देश पर जिला कमेटी के महासचिव रामा शंकर पांडे के नेतृत्व में महंगाई के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ आदित्यपुर शेरे पंजाब चौक पर विशाल नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित नुकड़ सभा में कांग्रेसियो ने जनता के बीच मोदी सरकार के खिलाप जम कर बोले। कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने कहा कि मोदी सरकार जब तक नौजवानों के लिए रोजगार ,देश में अडानी का भ्रष्टाचार, पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़ते मूल्य में रोक पर लोकसभा में चर्चा नहीं करेगी, तब तक कांग्रेस पार्टी जनता के समर्थन में सड़कों पर संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी, तो कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर मोदी सरकार का पोल खोलते रहेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश नारायण चौबे ने कहा कि आदित्यपुर में जिस प्रकार ब्राउन शुगर का धंधा जोरों से फैला हुआ है, उससे अनुमान लगाया जा सकता कि सप्लाई भी अडानी समूह के पोर्ट द्वारा की जा सकती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विभास चौधरी, जिला महासचिव खिरोद सरदार, जिला महासचिव रामा शंकर पांडे, प्रेस प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष सिद्धेश्वर उपाध्याय, जिला सचिव मुबारक मोमिन, वैजयंती बारी, कुणाल राय और मुन्ना सिंह ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला महासचिव कुणाल राय, जिला सचिव संदीप गोप, रिजवान खान, अरुण पांडे, रमेश बालमुचू, राम विचार राय, सुमन होनहागा, फुलोतायसुम, रीना देवी, दीपक ठाकुर, प्रदीप बारिक, संजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### अखिल झारखंड पिछड़ा महासभा जिला समिति ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनायी

# उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत : रामचंद सहिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधान सभा के परसुडीह चांदनी चौक केशव भवन में अखिल झारखंड पिछड़ा महासभा जिला समिति के द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनायी गयी। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिति पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद सहिस, विशिष्ट अतिथि चंद्रग्रुप सिंह शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप केक कटिंग कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा का प्रसार प्रचार करते हुए कॉपी, कलम, पेंसिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले के जायंती पर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। श्री सहिस ने बताया महात्मा ज्योतिबा फुले 19वी सदी के महान समाज सुधारक एवं महिला सशक्तिकरण के जनक थे। उनका योगदान महिलाओ को शिक्षा के प्रति बढ़ावा देना व शिक्षा में उनके



अधिकार दिलाने था। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ थे, लेकिन विधवा विवाह के समर्थक थे।

मौके पर जिला के प्रभारी प्रो रविशंकर मौर्या ने बताया कि महिलाओं को स्वतंत्रता से जीने के लिए रूढ़िवादी विचारो वाले समाज में सुधार लाने के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने उस वक्त बड़े ही कठिनाई से महिलाओ को शिक्षा के प्रति जागरूक करने व उन्हें स्कूल तक पहुंचाने को प्रेरित किया करता था। उन्होंने स्कूल खोल कर महिलाओ को शिक्षा से जुड़ने का अवसर प्रदान किया था। बाल विवाह रोकने के लिए विद्रोह की पहली बिगुल फूंक कर विरोध किया था। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा पहले देश में लड़कियों को पढ़ने का अधिकार नहीं था। इन्होंने महिलाओ को शिक्षा से जोड़ कर लोगो के बीच में अपनी एक अलग पहचान बनायी थी। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा महासभा के अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन मंजीत यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चंद्रगुप्त सिंह, फनीभूषण महतो, संजय मालाकार, सावित्री देवी,अप्पू तिवारी, अनु सिंह, प्रभाकर साहू, आकाश सिन्हा, उपेंद्र सिंह, यमुना प्रभाकर, धर्मवीर सिंह, अरूप मल्लिक, मनोज चौरसिया, संतोष सिंह, जगन प्रजापति, संभू शरण, मनोज ठाकुर,सुधीर सिंह, प्रवीन प्रसाद,सचिन प्रसाद, प्रमोद चौबे बबलू करुआ, अशोक भगत, शंकर प्रजापति, त्रिभुवन स्वांशी, राजेंद्र भगत समेत अन्य मौजूद रहे।

# कदमा हिंसा में जेल जा रहे नेताओं से मिलने पहुंचे विधायक सरयू राय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर में हुए हिंसा के मामले में जमशेदपुर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस मामले में मंगलवार को भी जमशेदपुर पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के करीब आठ लोगों को एक साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि विभिन्न इलाकों से सारे आठ लोगों को गिरफ्तार कर साकची थाना रखा गया, उसके बाद जमशेदपुर कोर्ट में उनको पेश कर सीधे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार लोगों में चंदन चतुर्वेदी, अनिरुद्ध गिरी, चंदन दास, भोला लोहार, भीम यादव, कन्हैया पांडे, शंकर राव और राजेश चौबे शामिल है। इन सारे लोगों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय दल बल के साथ पहले साकची थाना पहुंचे, लेकिन वहां से सभी को जमशेदपुर कोर्ट भेज दिया गया था। इसके बाद वे सीधे जमशेदपुर कोर्ट पहुंचे और मुलाकात की। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर पुलिस द्वारा की जा रही गिरफ्तारी का विरोध किया है।

### विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में हुई विधानसभा समिति की बैठक

# प्रशासनिक अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर परिसदन (सर्किट हाउस) के सभागार में झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रम संबंधी समिति के सभापति-सह-सदस्य झारखण्ड विधानसभा समिति सरयू राय की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत सरकारी उपक्रमों के संचालन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपरांत समिति के सभापति द्वारा बताया गया कि समिति के भ्रमण का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित 31 कॉर्पोरेशन की विभिन्न जिलों में संपादित गतिविधियों का आकलन करना है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला अंतर्गत मौजूद कॉरपोरेशन के नियमानुसार संचालन व इससे सरकार को कुछ फायदा हो रहा या नहीं, जनता को होने वाले फायदे आदि की समीक्षा किया गया है। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रजंन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी दीपू कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, डीएसपी बीरेंद्र राम तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी व विभिन्न उपकर्मों के प्रतिनिधि जिनमें खनिज विकास निगम, जेटीडीसी, वन विकास निगम, भवन निगम, विद्युत वितरण निगम आदि उपस्थित थे।

# विधायक मंगल कालिंदी झामुमो जुगसलाई नगर परिषद कमेटी के इफ्तार में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में जुगसलाई नगर परिषद झामुमो कमेटी के द्वारा दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक ने रोजेदारों के साथ प्रदेश,समाज व देश में अमन-चैन, शांति भाईचारा का माहौल कायम होने की दुआ मांगी। मौके पर विधायक ने कहा इफ्तार का आयोजन आपसी सौहार्द को मजबूत करने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा सभी धर्म एक समान है। श्री कालिंदी ने कहा सभी धर्म का एक ही उद्धेश्य जरुरतमंदों व पीड़ित परिवार की मदद व सेवा करना। मौके पर हिदायत खान, सरदार शैलेंद्र सिंह, लालटू महतो, मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद जमील, श्यामू मलिक, मनोहर हुसैन, शमशेर आलम, मुकेश शर्मा,अब्दुल कादिर, सिमरन भाटिया सहित काफी संख्या में रोजेदार व सभी धर्मों के लोग उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कांडी में कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने किया आशीर्वाद सभा का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना के निकट प्रभु दुबे के मकान में आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया। जहां कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके आगमन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों तथा प्रबुद्ध जनों ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कहा कि विधानसभा का चुनाव होने में एक से डेढ़ वर्ष का समय है। इसलिए मैं चुनाव के लिए नहीं अपितु अपने क्षेत्र की जनता की हाल-चाल से रुबरु होने, उनकी समस्याओं को सुनने के लिए आया हूं ताकि उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना व उनके शिकायतों को दूर कर सकूं। इसलिए आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि यदि जरूरत है तो हम सभी जनहित के कार्यों के लिए राज्य में चल रही अपनी सरकार के साथ विरोध करने तक को तैयार हैं, मैं कहीं भी जनता हित के कार्यों के लिए धरना प्रदर्शन करने को तैयार रहूंगा। उन्होंने लोगों से कहा कि आप हमें आशीर्वाद दें या ना दें लेकिन मेरे भीतर सेवा की जो भावना है वह सदैव ही रहेगी। वहीं वक्ता विजय सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सुदामा पांडेय, राजू सिंह, सुधीर कुमार चंद्रवंशी नेत्री ममता देवी, बबलू केशरी सहित कई वक्ताओं ने अपना मंतव्य देते हुए कांग्रेसी नेता के समक्ष कांडी प्रखंड की समस्या रखी। आशीर्वाद सभा की अध्यक्षता दिनेश सिंह उर्फ डिहरी सिंह व मंच संचालन बचा राम ने किया। मौके पर इमामुद्दीन अंसारी, संगीता देवी, इस्लाम अंसारी, मानिक चौबे, सोनू चौबे सहित काफी संख्या में कांग्रेसी समर्थक उपस्थित थे।

### मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने पौधा लगा कर मनाया जन्मदिन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने थाना परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में अपने साथियों के साथ पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए फलदार तथा छायादार पौधे लगाएं। उस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि आने वाला कल को बचाने के लिए पौधा लगाना जरूरी है। उन्होंने अन्य लोगों को भी अपने खास तिथि को यादगार बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने था उसका संरक्षण के लिए संदेश दिया। देर शाम में स्थानीय समाजसेवियों तथा विभाग के साथियों, पुलिस पदाधिकारियों द्वारा केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। बेबाक और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थाना प्रभारी नीतीश कुमार को सभी लोगों ने जन्मदिन की बधाई तथा उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु होने की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, संजय कुमार कुशवाहा, सुरजीत चौधरी, पवन कुमार, संतोष कुमार, उमाशंकर शर्मा, शैलेंद्र सिंह, मुन्ना चौधरी, विकास दुबे, राजेंद्र राम सहित पुलिस पदाधिकारी तथा अन्य लोग शामिल थे।

### अभाविप नगर इकाई ने एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गढ़वा नगर इकाई प्रतिनिधिमंडल के द्वारा मंगलवार को एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर विभाग अंतर्गत राजनीतिक विज्ञान एवं विज्ञान संकाय के विभिन्न विषयों सहित बी.एड. की पढ़ाई अविलंब शुरू की जाए और महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी एवं भूगर्भ शास्त्र विभाग में शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति की जाए। अभाविप पलामू विभाग के विभाग संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि महाविद्यालय में स्नातकोत्तर अंतर्गत राजनीतिक विज्ञान एवं विज्ञान संकाय की पढ़ाई नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को स्नातक के उपरांत स्नातकोत्तर के लिए महाविद्यालय बदलना पड़ता है जो उनके लिए कठिनाई से भरा होता है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए महाविद्यालय में विज्ञान संकाय और राजनीतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई और बीएड की पढ़ाई भी अविलंब शुरू की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी सहित भूगर्भ शास्त्र के शिक्षकों की कमी होने के कारण कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से नहीं हो पाता है। महाविद्यालय प्रशासन को अपने स्तर से शिक्षकों की नियुक्ति हेतु पहल करनी चाहिए। सभी विषयों पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सकारात्मक कार्यवाही करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी,नगर मंत्री अखिलेश कुमार, नगर सह मंत्री पुरुषोत्तम सिंह चंदेल,पंकज चौबे, राहुल कश्यप, सद्दाम आलम, सुजीत कुमार,राहुल कुमार पासवान, रुद्र कुमार, सुगंध कुमार सहित कई विद्यार्थी शामिल रहे।

## प्रेस कांफ्रेंस : बंशीधर महोत्सव के नाम पर राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण

# जल्द ही भव्य एवं दिव्य बंशीधर महोत्सव का आयोजन होगा : मिथिलेश ठाकुर

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर श्री बंशीधर नगर एवं गढ़वा जिले वासियों को सम्मान एवं पहचान दिलाने का काम किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** झारखंड सरकार के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर श्री बंशीधर नगर एवं गढ़वा जिले वासियों को सम्मान एवं पहचान दिलाने का काम किया है। ऐसे में महोत्सव के नाम पर राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वे सोमवार की शाम में चेंबर के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही भव्य एवं दिव्य बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

मंत्री ने विधायक भानू प्रताप शाही के द्वारा दिये गये बयान पर कड़ा एतराज जताते हुये कहा कि विधायक राजनीतिक रोटी सेंकने, हिंदू मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करने, सस्ती लोकप्रियता हासिल करने एवं दूसरों पर कीचड़ उछालने के सिवाय कुछ नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सुना है कि महोत्सव स्थगित होने पर उन्हें काफी दर्द हुआ है। वे काफी मर्माहत हैं और महोत्सव से अपने को अलग भी कर लिये हैं।

मंत्री ने कहा कि महोत्सव को लेकर विधायक जी को इतना दर्द है तो उन्होंने क्यों नहीं महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिलाया? महोत्सव को लेकर आयोजित एक भी बैठक में वे शामिल तक नहीं हुये और न ही तो उन्होंने कोई दिलचस्पी दिखाई। बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित होने के बाद भी विधायक ने मुख्यमंत्री को आभार भी व्यक्त नहीं किया। आज जब शिक्षा मंत्री के निधन पर पूरा राज्य शोक में डूबा हुआ है लोग जगरनाथ महतो के घर जाकर अपनी संवेदना प्रकट कर रहे हैं। तो विधायक को महोत्सव को लेकर दर्द छलक रहा है। अगर महोत्सव अपने निर्धारित समय पर होता तो यही लोग छाती पीट-पीटकर कहते कि राज्य के कैबिनेट मंत्री का निधन हुआ है और सरकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर आनंद ले रही है। पूरी सरकार को बदनाम करते। उन्होंने कहा कि इसी महीने में बंशीधर महोत्सव होगा और बेहतर होगा।

### बंशीधर महोत्सव रद्द नहीं स्थगित हुआ है, किसी को मायूस नहीं होने की जरूरत है

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव रद्द नहीं स्थगित हुआ है। किसी को मायूस नहीं होने की जरूरत है। महोत्सव इससे भी भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक होगा एवं बंशीधर नगर बड़े धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव स्थगित होने का मलाल एवं दु:ख सभी को है। महोत्सव को लेकर बड़ी तैयारी की जा रही थी। अधिकारियों को भी समय समय पर निर्देशित किया जा रहा था। सीएम हेमंत सोरेन भी आने वाले थे। किंतु बंशीधर जी को यह तिथि मंजूर नहीं था। मंत्री ने कहा कि दुख की बात है कि राज्य के कैबिनेट मंत्री एवं राज्य के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एवं परिवार के लोगों को खोने वाले शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी का पांच अप्रैल को निधन हो गया। उनका असमय जाना राज्य के लिये काफी दु:खद है।

# मंत्री मिथिलेश ने सूर्य मंदिर में मत्था टेका और व्यवसायियों की बात सुनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी ने सूर्य मंदिर में मत्था टेका एवं व्यवसाइयों की बात सुनी। संघ के अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य लोगों ने सभी अतिथियों को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार सचिव नवल किशोर प्रसाद सहित अन्य व्यवसायी ने भवनाथपुर से संबंधित समस्या को ध्यान में रखते हुए सात सूत्री मांग पत्र मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सौंपा।

मौके पर ही मंत्री ने कोल्ड स्टोरेज, बस स्टैंड, लबाजार समिति से भवन निर्माण की मांगों को विधायक के लिए सरल कार्य बताया एवं कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वेदप्रकाश आर्य, अजय साह, सूरजभान सिंह रौनियार, ओम प्रकाश आर्य, राकेश चंद्रवंशी, दुर्गेश गुप्ता, सुनील सेठ, नंदू विश्वकर्मा, राजेश राम, राजेश्वर गुप्ता, देवेंद्र विश्वकर्मा, अवध बिहारी, मोहम्मद काजीम, पप्पू अंसारी, चनरधन गुप्ता, निरंजन गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, शशि भूषण शर्मा, सुनील मेहता, सुनील गुप्ता, मुन्ना साह, कामेश्वर मेहता, सूर्यदेव राम सहित काफी संख्या में व्यवसाई उपस्थित थे।

कार्यालय नगरपंचायत,
डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालीन

(तृतीय)डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–02/2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में (दिनांक–01.04.2023 से 31.03.2024 तक के लिए ) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–18.04.2023 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2023–24 लिए | जमानत की राशि 10% | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 329780.00 | 32978.00 | दिनांक–18.04.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 294887 Urban Development(23-24).D

# उपायुक्त ने बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को दिये निर्देश

**बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेन्ट प्लान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेन्ट प्लान को लेकर आज सचिव, योजना एवं विकास विभाग झारखंड सरकार, डॉ अमिताभ कौशल द्वारा उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर एवं उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई।

बैठक में सचिव द्वारा बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विकास को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। प्राप्त निर्देशों के आलोक में गढ़वा के उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेन्ट प्लान के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता (रउअ) योजना एवं अन्य मद से स्वीकृत योजना एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तावित योजनाओं के कार्यान्वयन के क्रम में आ रही गतिरोध को दूर करने हेतु गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेन्ट प्लान के तहत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो एवं क्षेत्र के प्रत्येक लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

बैठक में उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय समेत कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, गढ़वा, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) गढ़वा, उप निदेशक, पलामू व्यघ्रा परियोजना, उत्तरी प्रमण्डल, मेदिनीनगर, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमण्डल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बड़गड़ समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### रंका में हाथी ने ली फिर एक की जान

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका वन क्षेत्र अंतर्गत अनहर गांव के निवासी सुमित यादव के पिता गणेश यादव (70) को महुआ चुनवाने के लिए मंगलवार को अहले सुबह मजदूर के साथ जंगली रास्ते से जाने के क्रम में हाथी ने हमला कर दिया और पटक व कुचल कर जान ले ली। गणेश यादव के मृत्यु की खबर सुनकर परिवार के लोग इसकी सूचना रंका थाना और वन विभाग को दी। रंका थाना के सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार अपने दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया है। गढ़वा जाने के क्रम में रंका पूर्वी वन क्षेत्र कार्यालय में मृतक के दाह संस्कार आदि कार्य के लिए तत्काल वनपाल राजीव पाण्डेय ने मृतक के पुत्र सुमित यादव को 10 हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान किया। मौके पर झामुमो रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
जिला स्तरीय कार्यालय
राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर
गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com
फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

पत्रांक.................. **सूचना** दिनांक..................

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ का कार्यालय पत्रांक–1216, दिनांक–21.03.2023 के द्वारा रामगढ़ जिले में संचालित सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में आवश्यक सामग्री क्रय हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई है जिसका PR No.-293270, दिनांक–21.03.2023 है। उक्त अल्पकालीन निविदा में निविदा खोलने की तिथि 13.04.2023 को निर्धारित थी, अपरिहार्य कारण से उक्त तिथि के स्थान पर संशोधन कर दिनांक–17.04.2023 को अपराह्न 01:30 बजे निविदा खोला जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 294923 District(23-24)#D

### एकल अभियान संच बहियार ने हनुमान जन्मोत्सव मनाया




**रमना (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान संच बहियार के द्वारा मंगलवार को बगौंधा गांव स्थित सामुदायिक भवन में हनुमान जन्मोत्सव पर चंदन तिलक उत्सव कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामकिशुन पासवान ने कहा कि एकल परिवार संस्कार युक्त शिक्षा देकर राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य कर रहा है। वहीं पंचमुखी शिक्षा के संत अध्यक्ष गोपाल पांडे ने चंदन के तिलक के फायदे बताये। संच अध्यक्ष रवि कुमार ने एकल परिवार को मजबूत करने की बात कही। मौके पर बिशनपुरा संच प्रमुख उषा देवी, बहियार संच प्रमुख महेंद्र यादव, संच व्यास ज्योति प्रकाश, रामानंद साह, आचार्य रम्भा कुमारी, सुमन कुमारी, विमला देवी, संगीता कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

उप श्रमायुक्त का कार्यालय, श्रम भवन, डोरण्डा, राँची
(e-mail ID:- dlcranchi2011@gmail.com)

–:सूचना:–

सभी नियोजक/प्रतिष्ठान/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों में 20 या 20 से अधिक कर्मचारी नियोजित हैं तथा जिन कारखाना में 10 या 10 से अधिक कामगार नियोजित हो एवं स्थापना के प्रारम्भ की अवधि 5 (पाँच) वर्ष पूरी हो चुकी है कार्यरत कामगारों को बोनस भुगतान करना अनिवार्य है।

बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 की धारा–19 के अनुसार वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 8 माह के अन्दर बोनस भुगतान कर बोनस भुगतान नियमावली, 1975 के नियम–5 के तहत वार्षिक विवरणी निरीक्षक को 30 दिनों के अन्दर प्रपत्र–A, B, C एवं D में उपलब्ध कराना है।

वार्षिक विवरणी नहीं भेजने पर दण्ड का प्रावधान है। अतः निदेश दिया जाता है कि जिन प्रतिष्ठानों ने वित्तीय वर्ष 2021–22 का वार्षिक विवरणी अभी तक श्रम विभाग के कार्यालय में जमा नहीं किया है वे 10 दिनों के अन्दर श्रम विभाग के कार्यालय में जमा करें। विशेश जानकारी एवं प्रपत्र हेतु Payment of Bonus Rule 1975, Download कर प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
उप श्रमायुक्त,राँची

PR 294847 Ranchi(23-24).D

## कार्यक्रम : देवकी महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में डॉ हैनिमन के जन्मदिवस पर सेमिनार आयोजित

# चिकित्सकों ने होम्योपैथी की उपयोगिता तथा इसके गुण के बारे में दी जानकारी

**ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा मुख्य प्रवक्ता ने किया सेमिनार का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथीक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल द्वारा वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के बहूद्देश्यीय कक्ष में होमियोपैथी के जनक डॉ हैनिमन के जन्मदिवस पर होम्योपैथीक महाविद्यालय द्वारा "Organon of Medicine, "Classical Homoeopathy" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में होमेओ मिरर के जनक डॉ प्रवीण बी कर्थिकेयां उपस्थित थे।

सेमिनार का उद्घाटन ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह तथा मुख्य प्रवक्ता डॉ प्रवीण बी कर्थिकेयां द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार का मुख्य विषय "Organon of Medicine, "Classical Homoeopathy" था, जिसपर सम्मलित सभी विद्वान चिकित्सकों ने बारी बारी से चर्चा की तथा होम्योपैथीक के जनक डॉ हैनिमन जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में डॉ प्रवीण बी कर्थिकेयां ने "Organon of Medicine, "Classical Homoeopathy" की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र छात्राओं व उपस्थित सभी श्रोतागण को इसकी विशेषता पर प्रकाश डाला। अपने भाषण में मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र छात्राओं को होमियोपैथी की उपयोगिता तथा इसके गुण के बारे में जानकारी दी।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में मुख्य प्रवक्ता डॉ प्रवीण बी कर्थिकेयां का स्वागत तथा आभार व्यक्त करते हुए डॉ हैनिमन की उपलब्धियों, उनके द्वारा किये गए कार्य तथा सेमिनार के मुख्य विषय पर अपनी जानकारी साझा की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने सेमिनार में हिस्सा लिए हुए सभी छात्र-छात्राओ को बधाई तथा अपना आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर गढ़वा के तमाम विद्वान होम्योपैथीक डॉक्टर्स, ट्रस्ट के स्थापना पदाधिकारी शिव कुमार ओझा, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी सुभाष कुमार तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य, पदाधिकरिगन व होम्योपैथीक के छात्र छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्यरूमेंट सूचना

निविदा संदर्भ संख्या –DWSD/HZB/MECH/SUPPLY-1/2023-24

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | Supplying, Installation and Commissioning of pump set and its allied works at Government building raw water pumping plant (Old Jheel) under D.W& S. Mechanical Division, Hazaribag. | 1532172.00 | 30700.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | दिनांक :– 11.04.2023 को 4:00 बजे तक। | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– | दिनांक :– 18.04.2023 को 5:00 बजे तक। | | | |
| 4 | अग्रधन की राशि / परिणाम विपत्र की राशि (हार्ड प्रति में) प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक :–19.04.2023 को 4:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि :– | दिनांक :– 20.04.2023 को 2:00 बजे तक। | | | |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल, हजारीबाग। (झील रोड, सी० आर० पी० एफ० कैम्प के समीप हजारीबाग।) | | | |
| 7 | ई–प्रोक्यरमेन्ट कार्यालय का ई–मेल एवं फोन संख्या :– | (E-mail ID- dwsdhazmech2010@gmail.com) Contact No :- 06546-265920 | | | |

नियम एवं शर्ते आदि विस्तृत जानकारी हेतु http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एव स्वच्छता यांत्रिक प्रमण्डल,हजारीबाग

PR 294789 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
08

## हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के भाजपा कार्यकर्ता



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम के तहत आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल गया।जानकारी के अनुसार भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सभी भाजपा कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक में जमा होकर झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा और पूर्व विधायक जनार्दन पासवान का काफिला बचरा चार नंबर चौक पहुंचा,जहां सभी भाजपा कार्यकर्ता एक साथ मिलकर जोरदार नारेबाजी की और रांची के लिए रवाना हो गया। भाजपा कार्यकताओं ने बताया कि झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ राज्य भर के भाजपा कार्यकताओं का जुटान हो रहा है, जिसके तहत सचिवालय घेराव किया जाना है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा,पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, धनराज भोक्ता, रामप्रसाद महतो, टनू सिंह, धीरेद्र शर्मा, उदय शर्मा, संजय कुमार, राधा देवी, निर्मला देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरना एकेडमी कुसुम टोला में मनायी गयी ज्योतिराव फूले की जयंती



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाके में शिक्षा प्रदान कर रहे सरना एकेडमी कुसुमटोला में ज्योति राव गोविंद राव फुले की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक महेंद्र उरांव ने ज्योति राव गोविंद राव फुले के संघर्ष भरे जीवन के बारे में बच्चो को बताते हुए अपने जीवन में उनसे प्रेरणा लेने के बात कही। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक गोपाल सिंह ने फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन की कठिनाइयों का सामना कर आगे बढ़ने की कोशिश करते रहने की शिक्षा दी। स्कूल के उप प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश गुप्ता ने दलितों, वंचितों और पिछड़े समाज के उत्थान के लिए फुले द्वारा किए गए कार्यों को बच्चों को बताया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## आजसू ने सिदो-कान्हू जयंती मनायी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली स्थित आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने झारखंड के हूल महासंग्राम के महानायक सिद्धू-कान्हू को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी। पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव सुनील सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं अन्य कार्यकताओं ने सिदो-कान्हू की चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर जयपाल सिंह ने कहा कि 30 जून 1855 को दोनों भाई सिद्धू मुर्मू कान्हू मुर्मू ने संथालों के साथ मिलकर साहेबगंज जिले के भोगनाडीह गांव से संथाल विद्रोह की घोषणा करते हुए करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था। इसी के याद में 30 जून को हूल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपस्थित कार्यकताओं ने समाज के सभी वर्गों के योगदान से झारखंड का नवनिर्माण करने का संकल्प लिया। इस मौके पर लक्ष्मण महतो, हेमंत नायक, सोमरा मांझी, सुचांद महतो, हुकुम नाथ महतो, नंद किशोर महतो, विनायक महतो, दुर्योधन भोक्ता, अनादि महतो, कलावती देवी, विशोखा देवी, दीपक महतो आदि उपस्थित थे।

## डिजिटल इंडिया मिशन में रीढ़ साबित हो रहा सीएससी : सुदेश महतो

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली कॉलेज परिसर में विधायक सुदेश कुमार महतो ने फीता काटकर सीएससी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सर्विस होने के कारण कॉलेज के छात्र छात्राओं को को अपने जरूरी कार्य करवाने के लिए सरकारी विभागों के कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और सारी प्रक्रिया अब ऑनलाइन तरीके के साथ ही कॉलेज परिसर में ही संपन्न होगी।डिजिटल इंडिया मिशन में रीढ़ साबित हो रहा सीएससी , मौजूदा समय में सभी सेवायें ऑनलाइन हो चुकी हैं, जिसके कारण अब सभी सेवाएं इसी कॉमन सर्विस सेंटर से मिलेंगी। सीएससी संचालक विरगु राम महतो ने बताया कॉमन सर्विस सेंटर पर ऑनलाइन सारे कार्य होगें। इसमें छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन फॉर्म भरना, आधार कार्ड तथा वॉटर आई कार्ड से लेकर वृद्धावस्था पेंशन, किसान पंजीकरण, आयुष्मान भारत योजना का गोल्डेन कार्ड, जीवन प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सुविधा के साथ बैंकिग की भी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर इंटर कॉलेज के अध्यक्ष जयपाल सिंह, सचिव सुनील सिंह, कॉलेज प्राचार्य अनंत कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया शर्मिला कुमारी, प्रो हेमलता, प्रो सावित्री वाला, खेल प्रभारी प्रभा मेहता, प्रो कविता महतो, प्रो सुचित्रा महतो, प्रो योगेंद्र महतो, प्रो त्रिभुवन महतो,प्रो नकुल चंद्र महतो , प्रो भवानंद चौधरी, श्यामल दे, सुमंत महतो समेत कॉलेज कर्मी गण उपस्थित थे।

## बांस शिल्प प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** अनुसूचित जाति जनजाति सहकारी सहयोग समिति लिमिटेड, रांची के द्वारा अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से संचालित अनुसूचित जाति के सोनाहातू युनिट एवं जामुदाग युनिट के युवक-युवती को स्वरोजगार के लिए बांस शिल्प प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन सह सर्टिफिकेट वितरण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सोनाहातु मुखिया विकास सिंह मुंडा और निगरानी समिति के सदस्य अमित मुंडा उपस्थित थे। इस अवसर पर मुखिया विकास मुंडा ने कहा कि शिल्पकला प्रशिक्षण से स्वरोजगार कर लोगों का आर्थिक विकास होगा साथ ही पलायन पर रोक लगेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट, औजार व कच्चा माल वितरण किया गया। उनको आगे भी सहयोग करने का वादा कर प्रशिक्षणार्थी को बेहतर से बेहतर करने का सुझाव दिया है। मौके पर अमित मुंडा, बुधराम उरांव, अनित मछुआ, राम मछुआ आदि मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी की जयंती मनायी गयी

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में छात्राओं के द्वारा कस्तूरबा गांधी की जयंती मनायी गयी। छात्राओं ने बारी-बारी से कस्तूरबा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। स्कूल परिसर में समारोह आयोजित कर कस्तूरबा गांधी के जीवनी के बारे में बताया गया । मौके पर शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो , कृष्ण चंद्र महतो सहित स्कूल के शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## राहे में मनी ज्योतिबा फूले की जयंती

**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भगतसिंह चौक परिसर पर ज्योतिबा फुले की जयंती मनायी गयी। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान लोगों ने शिक्षा के क्षेत्र में इनके योगदान को बताया गया। इस दौरान सुभाष चौक से भगत सिंह चौक तक मार्च निकाली गई। मौके पर डॉ परमेश्वर लाल, कमलाकांत सिंह, द्रौपदी मुंडा,सुफल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### खूंटी जिला राइफल क्लब का डीसी ने किया उद्घाटन

# खेल को बढ़ावा दे रहा है जिला प्रशासन: शशि रंजन



### राइफल और पिस्टल का मिलेगा प्रशिक्षण

जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गये खूंटी जिला राइफल क्लब में राइफल और पिस्टल से दस मीटर शूटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए खिलाड़ियों को नामांकन करना होगा। संघ के कोच सह सचिव अनुज कुमार ने बताया कि बहुत ही कम फीस में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। इसमें साई से प्रशिक्षण प्राप्त कोच सुमित कुजूर, नीलू कुमारी रहेंगे। क्लब के संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष उपायुक्त शशि रंजन, उपाध्यक्ष अमितेश भगत, कोषाध्यक्ष सुमित कुजूर, सचिव अनुज कुमार, सदस्य नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश, विपुल जायसवाल, चंदन कुमार शामिल हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी की धरती खेल के लिए जानी जाती है। लगातार नये-नये खेल भी खूंटी में आ रहे हैं। जिलेवासियों के लिए सौभाग्य की बात है कि जिले में राइफल क्लब की शुरूआत हुई है। इससे जिलेवासियों को नया खेल मिलेगा। इसका बहुत ही सकारात्मक रिस्पांस है। उक्त बातें उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को खूंटी हेल्थ क्लब परिसर में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गये खूंटी जिला राइफल क्लब का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। डीसी ने कहा कि यहां साई से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला प्रशासन नये-नये खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है। आनेवाले दिनों में यहां से राइफल, आर्चरी सहित अन्य खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकलेंगे और खूंटी जिले का नाम रोशन करेंगे। इससे पहले उन्होंने फीता काटकर खूंटी जिला राइफल क्लब का उद्घाटन किय। इस अवसर पर एसपी अमन कुमार, डीडीसी नीतीश कुमार सिंह, एसडीओ अनिकेत सचान और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने भी राइफल और पिस्टल से निशाना साधा। उन्होंने राइफल क्लब कोच सह सचिन अनुज कुमार से खेल के विषय में जानकारी हासिल कीऔर शुभकामनाएं दी। मौके पर हॉकी खूंटी की वरीय उपाध्यक्ष अपर्णा हंस, जिला क्रिकेट संघ के सचिव अवधेश कश्यप, देवा हस्सा, आर्चरी के बसंत कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी अर्जुन गंझू, विश्वकर्मा उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक तुमांग पंचायत भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सरजू सिंह ने किया। बैठक में 14 अप्रैल की तुमांग पंचायत भवन में आयोजित अंबेडकर जयंती की तैयारी की समीक्षा की गई। तैयारी को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि 13 अप्रैल गुरुवार को सुबह में बाइक रैली एव शाम में घरों में दीप जलाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, सरजू सिंह, बलराम राम, ध्वजाराम धोबी, राघवेंद्र पासवान, दिनेष्वर सिंह, जलेश्वर यादव, बबलू उरांव, दिलु राम, संजय राम, मनोज राम, दिलीप राम, नरेश गंझू, संजय रवि, कृष्णा राम, रंजीत राम, सोनू, रोहित उरांव आदि मौजूद थे।

## महात्मा ज्योतिराव फूले का जन्मदिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** अंबेडकर पार्क डकरा में एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के तत्वाधान में मंगलवार को महात्मा ज्योति राव फूले का जन्मदिवस मिथिलेश पासवान की अध्यक्षता में मनाया गया। आयोजित सादे समारोह उपस्थित मंच के सदयों ने महात्मा ज्योति राव फूले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने महात्मा ज्योति राव जीवनी पर बारी-बारी से अपने विचार रखा। वहीं उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मिथिलेश पासवान, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, भावेश वर्मा, अजय पासवान, रामू सतनामी, महेंद्र उरांव, दिलीप पासवान, रामदेव राम, अमरलाल सतनामी, सुखराम सेठ, ध्वजा राम धोबी, भजोराम सतनामी, रामा उरांव, पंकज प्रसाद, रविंद्र बैठा सहित लोग उपस्थित अन्य उपस्थित थे।

## अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए सरकार आंदोलन को कुचलना चाहती है : विधायक





आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भाजपा के झारखंड सचिवालय घेराव करने जा रहे भाजपा कार्यकताओं पर जाठीचार्ज और उन्हें जबरन रोकने की घटना की खूंटी जिले के दोनों विधायकों ने कड़ी निंदा की हैं और कहा कि हेमंत सरकार सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर जन आंदोलन को कुचलना चाहती है। खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चें पर विफल रही है और जब भाजपा इसके खिलाफ आवाज उठाती है, तो सरकार उसे कुचलने का प्रयास करती है। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि विधानसभा में भी भ्रष्टचार आदि मुद्दों पर सवाल पूछने पर भागती थी और जब लाखों भाजपा कार्यकर्ता और जनता इसके खिलाफ मंगलवार को सचिवालय घेराव करने रांची पहुंचे, तो सरकार जवाब देने के बदले संथाल परगना भाग गई। दोनों विधायकों ने कहा कि राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त हो चुकी है।

### स्व: गोपी भगत मेमोरियल दिवा-रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## टूर्नामेंट का पहला मैच जय सरना क्लब बाड़ोगढा की टीम ने जीता



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** चामा पंचायत के पानीमहुवा स्थित खेल मैदान से सरना क्लब चामा के तत्वाधान में स्वः गोपी भगत मेमोरियल दीवा रात्री क्रिकेट टूनार्मेंट का षुभारंभ हुआ। टुनार्मेंट का उद्घाटन स्वः गोपी भगत की पत्नी सुकुरमुनी भगत, विष्वानाथ भगत, राकेष मिश्रा, बिरेन्द्र भगत, लालु उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। वहीं टुनार्मेंट का पहला मैच जय सरना क्लब बाड़ोगढा और चामा पंचायत इलेवन की टीम के बीच खेला गया। मैच से पुर्व सभी अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बल्ले से गेंद को मारकर मैच की षुरूआत की। मैच में जय सरना क्लब बाड़ोगढा की टीम ने जीत दर्ज की। टुनार्मेंट के सफल आयोजन में चामा सरना क्लब के नन्दू, अभिनाष, सुभाश, सचिन, रमेष, अनिल, षंकर, विक्की सहित अन्य लोगों का सरहानीय योगदान दिया जा रहा है।

## लोहरदगा में एनआइए का छापा, एक संदिग्ध गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** टेरर फंडिंग मामले में जांच तेज करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी एन आईए ने लोहरदगा शहरी क्षेत्र के राजा बंगला समेत कुडू इलाके में कई ठिकानों पर सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक सघन छापामारी अभियान चलाया। बताया गया कि शहरी क्षेत्र के राजा बंगला में स्थित वीरेंद्र साहू के आवास पर छापा मारा गया। वीरेंद्र साहू मूलतः कुडू थाना क्षेत्र के विश्राम गढ़ सुंदरु गांव का रहने वाला है। पिछले दिनों एनआईए के रडार पर आया कुडू के ईट भट्ठा व होटल व्यवसाई राजू साहू का वह पिता है। कुछ वर्षों पूर्व लोहरदगा राजा बंगला इलाके में मकान बनाया था। मकान को वह किराए में दे दिया है पर, मकान के दो कमरे उसके स्वामित्व पर रहता है। एनआईए की टीम ने वीरेंद्र साहू के स्वामित्व वाले दो कमरे में लगा ताला तोड़कर उसका सर्च किया। बताया गया कि कमरे के भीतर मिले दस्तावेज और अन्य सामान एनआईए अपने साथ ले गयी। बताया गया कि, एनआई ए की छापामारी में पिस्टल, जीवित गोली, मैगजीन, मोबाइल फोन, वित्तीय दस्तावेज जप्त किया गया।इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी साजन कुमार नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को लोहरदगा से गिरफ्तार किया।बताया गया कि, माओवादी घटना को लेकर पेशरार थाना में दर्ज एफआईआर को एनआईए ने टेकओवर कर कार्रवाई कर रही है। इस केस में माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाने की योजना थी।

## खूंटी व्यवहार न्यायालय में कल लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रधान जिला जज ने की समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी व्यवहार न्यायालय में 13 मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने की। बैठक में न्यायिक पदाधिकारिी के अलावा विभिन्न विभागों जैसे वन विभाग विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी शामिल हुए। प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन कराने में सहयोग करें और वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है, वे भी अपने वादों का निष्पादन करा सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वे मामलों के निष्पादन के लिए यवहार न्यायालय पहुंचें और न्यायालय में चल रहे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि 13 मई को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर है और इसमें पांच हजार से अधिक मामलों का निष्पादन होने की संभावना है। 13 मार्च से ही प्रिकांसिलिएशन सेशन में आकर लोग अपने वादों का निष्पादन करा रहे हैं।

## एक दिवसीय दौरे पर आज खूंटी आयेंगे अर्जुन मुंडा




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जनजातीय मामलों कें केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा अपने एकदिवसीय दौरे पर बुधवार को खूंटी आयेंगे। इस संबंध में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि अर्जुन मुंडा बुधवार को सुबह नौ बजे बाबा आम्रेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करेंगे और पूर्वाह्न 11.30 बजे तोड़ंगकेल गांव में ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी लेगे। दोपहर 12.30 बजे केंद्रीय मंत्री भूत गांव में गांव वालों से बातचीत करेंगे। वहां से अर्जुन मुंडा तमाड़ जायेंगे, जहां वे चैत महोत्सव में भाग लेंगे।

## सड़क दुर्घटना में चार लोग हुए घायल

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के नावाडीह मोड में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल हो गए घायल व्यक्ति कोटा मैपा से लड़की देखने के लिए हीरो स्प्लेंडर प्लस जेएस 01 डी एच 7263 रामडेरा सिरीडेरा जा रहे थे जहां रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में एक अज्ञात वाहन द्वारा धक्का मार देने से रोहिण सिंह मुंडा उम्र 28 वर्ष सोमवारी देवी उम्र 25 वर्ष पति रोहिण सिंह मुंडा मुकेश मुंडा उम्र 5 वर्ष पिता रोहिण सिंह मुंडा तथा भूटन महतो उम्र 25 वर्ष घायल हो गए रोहिण सिंह मुंडा तथा मुकेश मुंडा की स्थिति काफी गंभीर है अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया और दशम फॉल थाना में अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया गया है।

### रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बह रहा नाली का गंदा पानी

## चलना और रहना दुश्वार



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरकार गांव से लेकर शहर तक सफाई अभियान में जुटा हुआ है। जबकि देवी मंडप चौक,पेयजलापूर्ति गेट के बगल व पुराने प्रखंड कार्यालय का बुरा हाल यहां गंदगी फैली हुई है। बेड़ो से गुजरने वाली रांची गुमला मुख्य मार्ग पर नाली के गंदे पानी के बहने से सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है और सड़क कीचड़मय हो गया है। जिसपर लोगों का चलना व रहना दुश्वार हो गया है। गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। वहीं इस समस्या से जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। बाजार टांड़ में नाली की सफाई के बाद देवी मंडप के समीप नाली का पानी मुख्य मार्ग में बह कर जमा हो गया है। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को इस गंदे पानी व कीचड़ में चलने के लिए विवश होना पड़ रहा है। लोगों एवं दुकानदारों ने बताया कि नाली भरने की वजह से पानी नाली में न बहकर सड़क पर बह रहा है। जिसके कारण मुख्य मार्ग की हालत बदहाल हो चुकी है। सड़क की गिट्टियां उजड़ चुकी हैं और सड़क पूरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। वहीं स्कूल में पढ़ने के लिए जाने वाले बच्चों का छींटे पड़ने से ड्रेस खराब हो जा रहा हैं। आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। आए दिन बाइक सवार फिसल कर गिर जाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। सरकार सड़कों को गड्ढामुक्त करने का दावा करती है लेकिन इस सड़क की हालत सरकार के दावे को खोखला साबित कर रही है। इस सड़क से प्रखंड मुख्यालय के अधिकारी एवंजनप्रतिनिधि भी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसके बावजूद समस्या का निदान नहीं किया जा रहा है।

## नगड़ी के हिज ब्लेसिंग कॉन्वेंट विद्यालय में दसवीं के छात्र-छात्राओं दी गयी विदाई



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नारो चेकपोस्ट स्थित हिज ब्लेसिंग कॉन्वेंट विद्यालय में सत्र 2022-23 दसवीं के छात्र छात्राओं विदाई दी गयी। विद्यालय के कक्षा पांचवी से नौवी तक के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया गया कि एक विद्यार्थी जीवन कैसा होना चाहिए। विद्यार्थी ने बताया कि कक्षा नर्सरी से दसवीं तक हमारा अनुभव कैसा रहा और विद्यार्थियों के द्वारा यह शपथ लिया गया कि समाज में किसी भी क्षेत्र में काम करें पूरी निष्ठा ईमानदारी और संस्कार का परिचय देंगे । विद्यालय प्रबंधक के द्वारा विद्यार्थियों के बीच पौधा और स्मृति चिन्ह देकर यह बतलाया गया कि वर्तमान परिस्थिति में शिक्षा का क्या महत्व है विद्यालय के शिक्षिकाओं ने संस्कार और शिक्षा विषय पर अपना व्याख्यान दिये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम केसरी ने सभी की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सभी को विदाई दी गयी।

## बेड़ो अंचल में कार्यरत कर्मचारियों की मनमानी से परेशान हैं क्षेत्र के निवासी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय में पदस्थापित कर्मचारी अपने ही स्तर से कार्यालय के कार्यों को अमली जामा पहनाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार बेड़ो अंचल में कार्यरत कर्मचारियों की मनमानी से आम लोग काफी परेशान हैं। अभी सबसे अधिक मनमानी विजय उरांव की बढ़ी हुई है। अंचल कार्यालय के बिचौलियों की मदद से इनकी खूब ऊपरी कमाई हो रही है। इनकी मनमानी से प्रखंड के ग्रामीणों को म्यूटेशन, दाखिल खारिज व जमीन पर रोक जैसे कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण आवेदन देने के बाद कार्यालय का चक्कर काटते-काटते परेशान हैं। इसके बाद भी संबंधित मामले सुलझ नहीं पाते हैं। वहीं ग्रामीणों के बोलने पर उन्हें मारने पीटने की धमकी दी जाती है। कर्मचारियों की मनमानी का आलम यह है कि जब तक उन्हें नजराना नहीं मिलता है, तब तक वे उनका काम नहीं करते हैं। इसके लिए बिचौलिए के माध्यम से नजराना देना पड़ता है। जो नजराना देने में असमर्थ होते हैं उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर उनके कार्य को रिजेक्ट कर दिया जाता है। या फिर जो विपक्षी पार्टी पैसा देने वाला है तो कर्मचारी उसके पक्ष में कार्य करने के लिए एड़ी चोटी एक कर देते हैं। वहीं कागजात सही रहने के बाद भी कई लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसी तरह का एक मामला खुखरा के तेजू सिंह ने बताया कि खाता नं. 341 प्लाट नं 4999,1379 को गलत तरीके से दाखिल खारिज करके बेच दिया गया। इस पर रोक लगाने के लिए 16.01.2023 को आवेदन दिया गया। लेकिन कर्मचारी द्वारा रोक लगाने के बजाए उन्हें डांट फटकार लगायी गयी। कर्मचारी की इस तरह की मनमानी से हमलोग काफी परेशान हैं। कर्मचारी ने जानबूझकर इस पर रोक नहीं लगायी।

## दुगोला चैता में लोक कलाकारों ने बांधा समां, देर रात्रि तक झूमते रहे श्रोता



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकोमा गांव में प्राथमिक विद्यालय भुईयां टोली के प्रांगण में सोमवार की रात्रि में दुगोला चैता का आयोजन किया गया। जिसमें बलिया (उत्तर प्रदेश) के लोक गायक कलाकार निर्मला यादव एवं पलामू के प्रसिद्ध व्यास राज मुनि झारखंडी की टीमों के बीच शानदार मुकाबला हुआ। चैता कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के प्रतिनिधि मंगल मूर्ति तिवारी, रिंकु तिवारी, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मंगलमूर्ति तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी भाईचारा तथा प्रेम को बढ़ावा मिलता है तथा लोगों के तनाव में कमी आती है। मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने लोगों से शांति पूर्वक, आपसी भाईचारा और प्रेम का संदेश देते हुए कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन द्वारकानाथ पांडे के द्वारा किया गया। लोक गायक निर्मला यादव द्वारा तोहरे चरणीया के बानी हम फूल, भेजले बानी न्योता करीं ना कबूल नामक भजन से चैता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद दोनों ही कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत संगीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, सभी देर रात्रि तक कार्यक्रम का आनंद उठाते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम संचालन समिति के अध्यक्ष भोलाराम, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, दुलदुलवा के मुखिया रामप्रताप साह, हासनदाग के मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, शिक्षक नेता सूर्यदेव तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, जयराम तिवारी, राम लखन तिवारी, शेषमणि तिवारी, सोमारु राम, शिव कुमार चौधरी, मानदेव बैठा, काजू तिवारी, पंकज तिवारी, विनाय कुमार तिवारी, युगल किशोर राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## उत्क्रमित मवि बेलपहाड़ी में पानी खरीद कर बनाया जा रहा है मध्याह्न भोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी में पानी खरीद कर मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा है। वहीं अन्यत्र पानी पीने जाते बच्चों को अभद्र भाषा से दो चार होना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी प्रखंड प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलपहाड़ी में बीते दो माह से जल संकट की स्थिति बनी हुई है। विद्यालय की जलमीनार खराब है जबकि परिसर में अवस्थित हैंड पम्प से अथक प्रयास के बाद दो चार घूंट ही पानी निकलता है। प्रधानाध्यापक अखलाक अंसारी ने बताया कि मध्याह्न भोजन निर्माण करने हेतु पड़ोस के घर में लगे समरसेबल से खरीद कर पानी मंगवाया जाता है। बच्चे गली में या किसी के घर पानी पीने जाते हैं तो उन्हें लोगों की अभद्र बातें सुननी पड़ती है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बीते 31 मार्च को इस बाबत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से लिखित शिकायत की गई थी किन्तु अभी तक कोई सामाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में बीडीओ जयपाल महतो ने कि पूर्व में उक्त विद्यालय के चापाकल की मरम्मत करायी गयी थी। जल्द ही विद्यालय के पेयजल की समस्या को दूर कर लिया जायेगा।

### कार्यक्रम : ओरमांझी में कांग्रेस पार्टी ने किया जय भारत सत्याग्रह का आयोजन

# राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से डर गये हैं पीएम मोदी : सुंदरी तिर्की

**ओरमांझी बाजार में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने जन जागरण अभियान चला कर केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा ओरमांझी बाजार टांड़ में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार के नेतृत्व में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आयी सुन्दरी तिर्की ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से घबरा गए हैं। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होना इसका जीता जागता उदाहरण है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के समर्थन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध आवाज बुलंद किया गया। केंद्र सरकार के इशारे पर षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के ऊपर मानहानि का झूठा मुकदमा कर दो साल की सजा दिलवाने का काम किया गया, जो लोकतंत्र को शर्मसार करता प्रतीत होता है। लोकसभा चुनाव 2024 में भारत की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। नरेंद्र मोदी की सरकार में देश की 1 अरब 40 करोड़ जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्राहिमाम कर रही है।

सत्याग्रह कार्यक्रम में ओरमांझी बाजार मे सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं नेताओं के द्वारा जन जागरण अभियान चलाया गया। केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाये। मांग की गया कि तत्काल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने भी संबोधित किया। जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता रमेश उरांव, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश प्रसाद साहू, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, सुंदरी तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रोफेसर प्रेम नाथ मुंडा, परमेश्वर भोक्ता, हरिमोहन महतो, रशीद अंसारी, रहीम अंसारी, अब्दुस सलाम, अमाल खान, रवि साहू, सूजन देवी, विनीता देवी, शोभा देवी, शंकर गुप्ता, लखन लाल मुंडा, सुरेश मुंडा, नीलांबर खरवार, सीताराम मुंडा, जेठू मुंडा, विष्णु बेदिया, करमु पहान, देवेंद्र पहान, सखी नाथ मुंडा, जीवन मुंडा, प्रमोद चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## सचिवालय घेराव करने सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में रांची पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

**भ्रष्टाचारी सरकार से जनता तंग आ चुकी है : सन्नी टोप्पो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बेड़ो।** भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम भाग लेने के लिए मंगलवार को भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में मांडर विधानसभा के पांचों प्रखंड बेड़ो, लापुंग, चान्हो, इटकी, मांडर के दर्जनों वाहनों से सैंकड़ों कार्यकर्ता रांची पहुंचे।

मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा राज्य सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। ठगबंधन की सरकार में झारखंड के युवा, व्यवसायी, महिला, बेरोजगार सभी त्रस्त हैं। भ्रष्टाचारी सरकार से जनता तंग आ चुकी है। जनता ने इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। रैली के माध्यम से भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ बिंगुल फूंक दिया है।

## टाटीसिलवे में आजसू पार्टी धूमधाम से मनायेगी बाबा साहेब की जयंती

**आजसू नेता राजू नायक के नेतृत्व में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर चलाया गया स्वच्छता अभियान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार आजसू पार्टी 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती खिजरी विधानसभा क्षेत्र के टाटीसिलवे में धूमधाम से मनाएगी।

अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आजसू पार्टी के जिला सचिव राजू नायक के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल तथा आसपास के इलाकों में मंगलवार को स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर राजू नायक ने इस कार्यक्रम में अनगड़ा, नामकुम व ओरमांझी प्रखण्ड के तमाम केन्द्रीय कमेटी, जिला कमेटी, प्रखण्ड कमेटी, महिला कमेटी सहित अन्य इकाईयों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। मौके पर अरूण राम, बंटी नायक, लक्की नायक, मंगल साहिबान, पिंटु नायक, अजय नायक, किशन नायक आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, युवती घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के लालगंज भंगी नदी के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवती घायल हो गई। मृतक जयप्रकाश उरांव (21) पिता बालगोबिंद उरांव ग्राम मुरगु चैली टोली, थाना सिसई, जिला गुमला का निवासी था। मोटर साइकिल का संतुलन बिगड़ जाने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों घायल हो गये। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लापुंग में इलाज के लिए लाया गया जिहां इलाज के क्रम जय प्रकाश उरांव को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं युवती को बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं लापुंग थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### कार्यक्रम : जोन्हा और राजाडेरा में महिला लाभुकों के बीच उन्नत नस्ल की बकरियों का किया गया वितरण

# टीआरआइएफ संस्था कर रही है सराहनीय कार्य : मुखिया

**लाभुकों के बीच 'बकरी पालन मेरी उम्मीद' नामक पुस्तक का भी किया गया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** टीआरआईएफ संस्था की ओर से मंगलवार को जोन्हा पंचायत के जिदु गांव में तथा राजाडेरा पंचायत के पीपराकोचा व चमघटी गांव में कुल 22 दीदी के बीच उन्नत नस्ल के ब्लैक बंगाल बकरियों का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुक को 5-5 मादा बकरी दिया गया वहीं 2-2 बकरी के आवास के लिए पारदर्शी एस्बेस्टस, पानी पीने के लिए 2-2 गमला, एक-एक इलेक्ट्रो कूल एवं एक-एक ग्लाइमिन गोल्ड नामक बिटामीन का पैकेट बांटा गया। इस अवसर पर लाभुकों के बीच बकरी पालन के विभिन्न तरीकों, रखरखाव, रोगों से बचाव के उपाय आदि की जानकारी से संबंधित 'बकरी पालन मेरी उम्मीद' नामक पुस्तक का भी वितरण किया गया। इससे पहले संस्था की ओर से सभी लाभुकों को बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। वितरण जोन्हा के मुखिया कृष्णा मुण्डा, वार्ड सदस्य सीमा देवी, जाराटोली के ग्रामप्रधान रिझुवा मुण्डा, रूपडु के ग्रामप्रधान खीरू उरांव एवं संस्था के प्रखण्ड समन्वयक मोनाजीर के हाथों कराया गया। मौके पर मुखिया कृष्णा मुण्डा ने कहा कि टीआरआइएफ संस्था द्वारा गरीबों को आजीविका से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सबल व स्वावलंबी बनाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। यह पहला मौका है जब कोई संस्था गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए इस तरह की योजना का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंनें लाभुक दीदीयों को संस्था के साथ समन्वय बनाकर एक मॉडल बकरी पालक किसान बनने को कहा ताकि अन्य लोग इससे प्रेरणा हासिल कर सकें। मौके पर संस्था के समन्वयक मोनाजिर ने बताया कि प्रखण्ड के सभी 58 किसान दीदी के बीच आगामी 13 अप्रैल को उन्नत नस्ल का सिरोही बकरा का भी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के बलताजर खलखो, हरदयाल मुण्डा, राजेश महतो, रामवृक्ष महतो, अमरदीप प्रमाणिक, गुमला के पाराभेट राजकिशोर सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम में द्वारिका मुण्डा, पति देवी, सरिता देवी, ललीता देवी, शीला देवी, कलावती देवी, एतवारी देवी, पुनम देवी, सुनिता देवी, ज्योति देवी, मुनी देवी, सरिता उरांव, सुरेन्द्र मुण्डा, एतवा मुण्डा आदि लाभुकों सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## पतरातू गांव में हनुमान मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के पतरातू गांव में मंगलवार को हनुमान मंदिर का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मौके पर 251 कन्याओं व महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली। पूजा के सभी अनुष्ठान पंडित लक्ष्मी नारायण पांडेय ने सम्पन्न कराया। शाम में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। भक्ति जागरण का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी भैरव सिंह, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव ने किया। मौके पर भैरव सिंह ने कहा कि आध्यात्म तथा धर्म के मार्ग पर चलकर ही हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपने बच्चों को शिक्षा देने की भी बात कही। मौके पर भैरव सिंह ने ग्रामीणों से सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, दहेज प्रथा, जुआ, नशापान से भी दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के बालगोविंद मुंडा, भोला महतो, अर्जुन महतो, मोतीलाल महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## इटकी में कांग्रेस पार्टी की ओर से इफ्तार का किया गया आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी गुलाम टोली के मदीना मस्जिद के समक्ष मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। मौके पर विधायक तिर्की ने कहा कि पाक रमजान माह में इफ्तार पार्टी हमें आपस में मिल-जुल कर रहने की शिक्षा देता है। इसे बरकरार व और मजबूत किये जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, मुखिया लखन उरांव, अतहर इमाम, हाजी मोइन, बलराम गोप, वसीम इकबाल, मंजूर कासमी, अबू माज, मो. सलीम, इकबाल अंसारी व खुर्शीद अहमद सहित अन्य शामिल थे।

## सिकिदिरी में पेड़ से चढ़कर हाथी देखने के दौरान गिरने से हुई युवक की मौत



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के हुंडरू जारा निवासी बसंत बेदिया उम्र 28 वर्ष की मौत मंगलवार की दोपहर में पेड़ से गिरकर हो गई। पेड़ से गिरने से गंभीर रूप से घायल बसंत को इलाज के लिए स्वर्णरेखा अस्पताल टाटीसिलवे ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बुटगोड़ा जंगल के बेल टूंगरी में हाथी का एक समूह डेरा डाले हुए है। हाथी को देखने बसंत जंगल गया था। हाथी को देखने के लिए वह पेड़ में चढ़ गया। इसी क्रम में वह फिसल कर पेड़ के नीचे आ गिरा। पेड़ के नीचे पत्थर था। जिससे बसंत को गंभीर चोट लगी। तत्काल समाजसेवी सोनु बेदिया ने घायल बसंत को लेकर अस्पताल पहुंचाया। इधर, एक अन्य घटना में अंबाटूंगरी का एक युवक महेंद्र बेदिया बाइक से गिर कर घायल हो गया। उसका दाहिना हाथ टूट गया है।

## बच्चों को सड़क सुरक्षा की दी गयी जानकारी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस एवं सड़क सुरक्षा टीम गढ़वा के द्वारा मंगलवार को प्रखंड के बाना हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी एवं ट्रैफिक यातायात नियमों के बारे में बताया गया। सड़क सुरक्षा के सदस्यों द्वारा अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करें। इस दौरान यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। पुलिस पदाधिकारी योगेंद्र उरांव ने कहा कि गलती से भी यातायात नियमों का उल्लंघन ना करें। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिस पदाधिकारी योगेंद्र उरांव, जिला सड़क सुरक्षा मैनेजर संजय बैठा, नीरज पांडे शामिल थे।

## अधिकारियों ने की डैम जीर्णोद्धार कार्य की जांच

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** लघु सिंचाई विभाग के द्वारा स्थानीय वन खेता मध्य सिंचाई डैम का जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा जीर्णोद्धार कार्य में संवेदक के द्वारा अनियमितता बरते जाने की शिकायत दूरभाष से विभाग के एक्जक्यूटिव इंजीनियर से गई थी। शिकायत के बाद विभाग के एक्जक्यूटिव इंजीनियर गोपाल सिंह, कनीय अभियंता दीप नारायण कुमार एवं श्रीकांत कुमार मंगलवार को योजना स्थल पहुंच योजना का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से मिलकर जीर्णोद्धार में होने वाले कार्य की पूर्ण जानकारी दी। साथ ही उपस्थित संवेदक को योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर संजय केसरी, गांव के विशेषर मांझी, नागेंद्र विश्वकर्मा, भागीरथी विश्वकर्मा, राकेश मांझी, रामसकल नागवंशी, विमल मांझी, जयप्रकाश केसरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## सचिव से भेंट कर पीपरा प्रखंड की समस्याओं से कराया अवगत: कान्हा सिंह



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** एनसीपी के पीपरा प्रखंड संगठन प्रभारी अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव सीनियर आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे से रांची में औपचारिक भेंटकर क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया और उसके निदान की मांग की। यह जानकारी एनसीपी नेता कान्हा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पीपरा प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल कूद और गांवों की समुचित विकास से जुड़े कई मुद्दों को उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की घोर कमी है। यहां तक कि इमरजेंसी की हालत में मरीजों की सुविधा के लिए पीपरा में डॉक्टर और एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं है। जिससे मरीजों को हरिहरगंज पर निर्भर रहना पड़ता है। वहीं 6 पंचायतों वाले प्रखंड के हजारों लोग शिक्षा की बदहाली से त्रस्त हैं। जबकि पीपरा जैसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। किंतु खेल के विकास के लिए खेल कूद विभाग का भी इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। जिस कारण प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों में मायूसी छाई रहती है। उन्होंने बताया कि उक्त सभी समस्याओं के निदान के लिए सीएम के सचिव श्री चौबे ने सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए पीपरा प्रखंड वासियों की ओर से उन्हें आभार जताया।

## पूर्व नप उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने वार्ड एक में सड़क निर्माण कार्य में की मदद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या एक के सिंगरा खुर्द में पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सह मेयर प्रत्याशी ने रोड निर्माण में ग्रामीणों की मदद की है। दरसल सिंगरा खुर्द में महावीर मंदिर के पास से ग्रामीणों ने खुद से पहल करते हुए रोड निर्माण का कार्य शुरू किया है। मंगलवार की सुबह मनोज सिंह रोड निर्माण में ग्रामीणों के सहयोग के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने रोड निर्माण में ग्रामीणों की मदद किया है, साथ ही पांच बिजली की पोल देने की घोषणा किया है। मनोज सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को कहा कि रोड निर्माण और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वे तत्पर है। इस दौरान संतोष शुक्ला,अजय शुक्ला,दिलीप शुक्ला,योगेंद्र शुक्ला, रमजान अंसारी,ओम प्रकाश रजक,विजय शुक्ला, साकेत शुक्ला समेत कई लोग मौजूद थे।

## जय भारत सत्याग्रह को लेकर कांग्रेस ने की नुक्कड़ सभा




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में जिले में चल रहे जय भारत सत्याग्रह को लेकर विश्रामपुर के बीमोड़ में नुक्कड़ सभा किया गया। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक मौजूद थे। इस मौके पर श्री पाठक ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान को ध्वस्त करने को आतुर केंद्र की मोदी सरकार एवं उनके देश-विरोधी नीतियों एवं अडानी महाघोटाले के विरुद्ध कांग्रेस जन जमकर आवाज बुलंद किया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ये लड़ाई मित्रकाल के विरुद्ध लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। केंद्र सरकार ने तानाशाही की सीमा लांघ दी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र शुक्ला ने कहा कि देश में जिस तरह से भ्रष्टाचार है शायद आज तक कभी नहीं हुआ होगा। श्री शुक्ला ने कहा कि देश में महगाई इस कदर हावी हो गई है कि आम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि सत्य नारायण तिवारी,जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौबे,जिला महासचिव संतोष गुप्ता, शैलेश मेहता,शिक्षा प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र चौबे, प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक चौबे, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र चौबे, इरसाद अंसारी, राम मनोहर चौबे, मिथलेश मिश्रा, डॉ इलियास अंसारी, सुरेंद्र दुबे, मृत्युंजय चौबे, सुड्डू चौबे, महेंद्र शर्मा, राज नाथ पांडे, विजय दुबे, प्रिंस दुबे, मनु पांडे, पुनीत शुक्ला लक्की शुक्ला, बिट्टू शुक्ला, चुटारी राम, नागेंद्र चौबे, होशिला चौबे, धर्मेंद्र गुप्ता, समशाद खलीफा, प्रदेश महासचिव विजय चौबे, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

### युवा जागृति केंद्र की पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# युवाओं की राजनीतिक भागीदारी से ही समाधान संभव: राजन सिन्हा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** युवा जागृति केंद्र का पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुआ। स्थानीय होटल राज इन में आयोजित युवा जागृति केंद्र के पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला में बड़गड़, भंडरिया, चैनपुर एवं सतबरवा के विभिन्न समितियों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा, वरिष्ठ सदस्य दीपक कुमार, ब्रजेश चंद्रा, रजनीकांत सिंह, छोटू तिवारी, वाइजेकेएसएफ जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव विकास यादव, वरिष्ठ सदस्य विपिन यादव, वाईजेके जिला सचिव प्रेम कुमार, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह, बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम के द्वारा पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में इप्टा के उपेंद्र मिश्रा ने भी सभा को संबोधित किया एवं साथियों के द्वारा जन गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाइजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने किया एवं युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि संगठन, सेवा, समर्पण युवा जागृति केंद्र के सैद्धांतिक आधार हैं। संगठन के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं को जोड़ा गया है एवं उनमें राष्ट्रभक्ति का प्रसार किया गया है। अब समय है युवाओं के प्रत्यक्ष रूप से राजनीति में प्रवेश करने का। पलामू क्षेत्र में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है एवं जीवन की दयनीय स्थिति बनी हुई है। विकास कार्यों में लूट मची है और आम जनता अभावग्रस्त जीवन जीने को विवश है। यदि समस्याओं से निजात पाना है तो युवाओं को राजनीति में आना होगा। राजनीति सेवा का बृहद माध्यम है। आज जब भ्रष्ट, स्वार्थी और अयोग्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा जनता को लंबे समय से छला गया है आवश्यकता है कि युवा आगे आए और राजनीति में अपनी पहचान सुनिश्चित करें तथा अपने कर्तव्यों का पालन करें।

### युवाओं को राजनीति में आने पर जोर दिया

**वरिष्ठ सदस्य ब्रजेश चंद्रा ने कहा कि यदि आज हम राजनीति में प्रवेश कर अपनी जिम्मेदारियों को नहीं संभालते हैं तो हमें शिकायत करने का भी कोई अधिकार नहीं है। पलामू युवा जागृति केंद्र की प्रयोगशाला है तथा कार्यकर्ताओं को इसी क्षेत्र में राजनीति के सकारात्मक परिवर्तन की पहल करनी चाहिए। संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने युवाओं के राजनीति में आने पर जोर दिया तथा पलामू के भ्रष्टाचार पूर्ण एवं बदहाल राजनीतिक परिदृश्य को बदलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भाग लिया युवा जागृति केंद्र के द्वारा आयोजित इस एकदिवसीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों को संगठन के सिद्धांतों, सामाजिक एवं राजनीतिक कर्तव्य, सांगठनिक कार्यशैली एवं ग्राम स्तर पर जनता से जुड़ाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति एवं सांगठनिक एकता का अद्भुत उदाहरण पदाधिकारियों ने प्रस्तुत किया।**

# कोरोना से निपटने को लेकर उपायुक्त के नेतृत्व में लेस्लीगंज में मॉक ड्रिल आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कोरोना के संभावित प्रसार को जिले में विफल करने एवं तैयारियों को परखने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला अंतर्गत लेस्लीगंज, पाटन, चैनपुर, सदर, मनातू एवं हरिहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। लेस्लीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मॉक ड्रिल का जायजा लेने डीसी आंजनेयुलू दोड्डे भी पहुंचे। यहां उन्होंने मॉक ड्रिल के दौरान बेड पर ऑक्सीजन की सप्लाई, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था आदि का अवलोकन किया। वहीं रिहर्सल के बाद डीसी श्री दोड्डे ने कहा कि कोरोना से निपटने को लेकर पलामू पूरी तरह से तैयार है।

### कोरोना से हमको, आपको हम सबको सतर्क रहने की आवश्यकता है: डीसी

**डीसी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से हमको, आपको हम सबों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की है। वहीं आवश्यकता ना हो तो भीड़ से दूर रहने की भी अपील की है। उन्होंने लोगों से फेस मास्क,नियमित रूप से हैंडवाश करने तथा किसी भी प्रकार से अस्वस्थ जैसे सर्दी-खांसी,बुखार इत्यादि जैसे लक्षणों को अनदेखा न करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र में कोविड टेस्ट करा अपने एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की।**

### ऐसे हुआ मॉक ड्रील

**मॉकड्रिल के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अचानक तेजी से अस्पताल पहुंची। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी रेस हो गये। गेट खोलकर मरीज को बाहर निकालते हुए सीधे इमरजेंसी में ले गए। इमरजेंसी में पहले मरीज की स्क्रीनिंग की गयी जिसके बाद आगे की कार्रवाई की गयी। रिहर्सल के पश्चात डीसी ने मौके पर मौजूद सिविल सर्जन को जिले में संभावित मरीजों का टेस्टिंग कराने पर बल दिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार,डीपीएम दीपक, लेस्लीगंज थाना प्रभारी, बीडीओ-सीओ समेत अन्य उपस्थित रहे।**

# डीसी ने विद्यालयों के समय में किया बदलाव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला में तापमान में वृद्धि के कारण अत्यधिक गर्मी को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने स्कूलों की समय में बदलाव को लेकर निर्देश जारी किया है। जिला के सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालय के समय में बदलाव किया गया है। उपायुक्त के निदेर्शानुसार कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक की कक्षायें सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक ही स्कूलों का संचालन किया जायेगा। बाकी शेष कक्षायें पूर्व की भांति निर्धारित समय पर ही संचालित होगी। कक्षा 01 से लेकर कक्षा 05 तक संचालन की यह अवधि अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। जिला में बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिला वासियों से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें एवं गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनायें और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। साथ ही यात्रा के दौरान अपने साथ बोतल में पानी जरूर साथ लेकर चलें और एक छतरी, टोपी या गमछा का इस्तेमाल अपने सिर, चेहरे को ढ़कने के लिए करें।

## बीडीएम ट्रेन शीघ्र चलाने की मांग को लेकर एनसीपी ने ज्ञापन सौंपा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेल सेक्सन में लंबे समय से बरकाकाना-वाराणासी पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद रहने से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, नवाडीह समेत पलामू के आम यात्रियों को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त ट्रेन को शीघ्र चालू करने समेत अन्य छह सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को एनसीपी नेताओं ने जपला स्टेशन प्रबंधक के मध्यम रेल मंडल प्रबंधक डीडीयू एवं रेल महाप्रबंधक हाजीपुर के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बीडीएम ट्रेन बीडी रेल खंड की लाइफ लाइन ट्रेन है। कहा गया है कि बरकखाना वाराणसी ट्रेन इस रेल खंड की सबसे पुरानी ट्रेन है बावजूद इसके ट्रेन को लगातार कुछ न कुछ कारण बताकर रद्द कर दिया जा रहा है। लगातार मांग करने के बावजूद रेल प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि बीडीएम ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू नहीं किया गया तो आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ सकता है। एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बंद किया गया था। जबकि पुनः इसे 25 अप्रैल से वाराणासी में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य को लेकर 28 तक स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन की जनविरोधी नीति से इस ट्रेन का लाभ झारखंड के लातेहार, पलामू एवं गढ़वा के अलावे बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को भी नहीं मिल पा रहा है। शिष्टमंडल में एनसीपी के विमलेश सिंह, जिशान हसन, विनय पासवान, मनदीप राम, रविंद्र कांश्यकार, राजकुमार ठाकुर, बबन सिंह, रजनीश सिंह, राजेश पासवान,अकरम और हंसराज सिंह आदि शामिल थे।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निदेर्शानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हुसैनाबाद में सत्र 2023- 24 में वर्ग 6 व 9 के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस विद्यालय में हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड के छात्राओं का भी नामांकन होगा। इच्छुक अभिभावक 20 अप्रैल 2023 तक विद्यालय अवधि में पहुंच कर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विद्यालय की वार्डन राकी मुक्ता ने बताया कि सत्र 2023- 24 के लिए हुसैनाबाद में वर्ग 6-75 व वर्ग 9-7 हैदरनगर में वर्ग 6-50 वर्ग 9-11 तथा मोहम्मदगंज में वर्ग 6-50 व वर्ग 9-16 छात्राओं का नामांकन होना है। नामांकन के लिये स्थानीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बीपीएल नंबर, बैंक खाता संख्या के साथ पासपोर्ट साइज की 2 फोटो अनिवार्य है। नामांकन में अनाथ, एकल अभिभावक, दिव्यांग, नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गरीब छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष जानकारी के लिए विद्यालय के 9031483879 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बराही धाम परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल के बराही धाम परिसर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां पर प्रदेश के अलावा बिहार, उतर प्रदेश, छतीसगढ़ से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे तो प्रतिदिन पूजा एवं आरती होती है। वहीं मंगलवार शनिवार को दर्शन करने के लिए लंबी लाइन लगी रहती है। पिछले वर्ष मई माह इस धाम परिसर में, 105 फिट रामभक्त हनुमान जी प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ था। इसके बाद से शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट एवं धाम समिति द्वारा हर मंगलवार को भंडारा का आयोजन की शुरूआत की गई थी। इसके बाद कई भक्तों ने भी इस पुनीत कार्य के लिए अपने स्तर से भंडारा कराने के लिए आगे बढ़ते हुए भंडारा सेवा का कार्य कर रहें हैं। भंडारा कराने के लिए एक सूची बनती है। उनको भंडारा का सेवा करने के लिए इंतेजार करना पड़ता है। मंगलवार का भंडारा हनुमान भक्त सीकनी संडा गांव निवासी निखिल कुमार सिंह के सौजन्य से किया गया। इस भंडारा मे हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। धाम के पुजारी ने बताया की इस धाम मे सच्चे मन से पूजा अर्चना के बाद लोगों की सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है।

# स्पोर्ट्स



पाकिस्तान इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप के मुकाबले चेन्नई और कोलकाता में खेलना चाहता है। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है।

### चेन्नई-कोलकाता में वर्ल्ड कप मैच खेलना चाहता है पाक

# आइसीसी को बतायी अपनी पसंद, बीसीसीआइ को लेना है अंतिम फैसला



एजेंसी

**दुबई।** पाकिस्तान इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप के मुकाबले चेन्नई और कोलकाता में खेलना चाहता है। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 12 वेन्यू शॉर्टलिस्ट किये गये हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं। बाकी 10 वेन्यू अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, राजकोट, बेंगलुरु, दिल्ली, इंदौर, गुवाहाटी, हैदराबाद और धर्मशाला हैं। सूत्रों ने बताया है कि इस बारे बातचीत अभी आइसीसी के लेवल पर हो रही है। यानी पीसीबी ने अपनी यह पसंद आइसीसी के साथ शेयर की है।

### बीसीसीआइ नॉर्थ और साउथ के 1-1 सेंटर चाहता है

इस बारे में बीसीसीआइ के ए+क अधिकारी ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बताया है कि भारतीय बोर्ड भी चाहता है कि पाकिस्तान के वर्ल्ड कप मैच दो या तीन शहरों में ही हों। इउउक इसके लिए नॉर्थ का एक सेंटर और साउथ का एक सेंटर सिलेक्ट कर सकता है। यानी चेन्नई के नाम पर बीसीसीआइ और पीसीबी के बीच सहमति बन जाने की उम्मीद है। हां, कोलकाता पूर्वी भारत में है। अगर बोर्ड नॉर्थ से ही एक सेंटर सिलेक्ट करता है तो दिल्ली की संभावना बढ़ सकती है।

### एशिया कप को लेकर चल रही खींचतान

बीसीसीआइ और पीसीबी के बीच इस समय एशिया कप की शेड्यूलिंग को लेकर खींचतान चल रही है। बीसीसीआइ ने साफ कर दिया है कि भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। वह चाहता है कि एशिया कप किसी न्यूट्रल वेन्यू पर हो। दूसरी ओर पीसीबी का कहना है कि अगर एशिया कप पाकिस्तान के बाहर शिफ्ट होता है तो वह एशिया कप का बहिष्कार कर सकता है।

### वर्ल्ड कप बहिष्कार से पीछे हट चुका है पाकिस्तान

एशिया कप को लेकर चल रही खींचतान के बीच पाकिस्तान से खबर आई थी कि अगर भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा एशिया कप के लिए नहीं करती है तो पाकिस्तानी टीम भी वर्ल्ड कप के लिए भारत आने से इनकार कर सकती है। हालांकि, पाकिस्तान को जल्दी ही अहसास हो गया कि वह अभी भारत के साथ इस मसले पर टकराव झेलने की स्थिति में नहीं है। फिर पीसीबी अधिकारी यह कहने लगे कि उनकी ओर से कभी वर्ल्ड कप बहिष्कार की बात नहीं की गई है। पाकिस्तान टीम ने आखिरी बार 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान इडन गार्डंस में खेली थी। पाकिस्तान का मुकाबला भारत के खिलाफ हुआ था। इसमें भारत 6 विकेट से जीता था।

# निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने की मासिक अपराध गोष्ठी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा पीताम्बर सिंह खेरवार के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में मार्च माह का अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रतिवेदित एवं निष्पादित कांड की समीक्षा, विधि व्यवस्था संधारण, वाहन चोरी, गृहभेदन, लूट, हत्या जैसे गंभीर अपराध पर लगाम लगाने के लिए सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी दिनों में मुस्लिम समुदाय के ईद त्यौहार को लेकर क्षेत्र में सघन गश्त के साथ आदतन अपराधियों पर नजर रखने के लिए उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने। झारखंड बंगाल स्थित चेकपोस्ट पर सक्रिय अंतरराज्यीय अपराधियों पर कड़ी नजर रखते हुए उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के साथ शांतिपूर्ण तरीके से ईद पर्व को संपन्न कराने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान लंबित कांडों की समीक्षा की गई और उसे निष्पादित करने का निर्देश भी दिया गया। गोष्ठी में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी निरसा, दिलीप कुमार यादव, थाना प्रभारी चिरकुंडा, सुनील कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक निरसा अंचल नयनसुख दादेल, पुलिस निरीक्षक चिरकुंडा अंचल योगेंद्र पासवान, थाना प्रभारी कालूबथान, मुकेश कुमार राउत, मैथन ओपी प्रभारी, बालाजी राजहंस, गलफरबाडी ओपी पुलिस, पंचेत ओपी प्रभारी कुलदीप रौशन बारी, कुमारधुबी ओपी प्रभारी लल्लन प्रसाद सिंह, एमपीएल ओपी प्रभारी श्रीगैलन रजवार, रीडर जेपी वर्मा शामिल थे।

# खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली



**महुदा (आजाद सिपाही)।** खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान को लेकर मुरलीडीह बस्ती में मंगलवार को सहिया साथी हलिमा एजाज की नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें 12 अप्रैल से 21 मई 2023 तक पूरे धनबाद जिले में स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार की ओर से स्वस्थ झारखंड सुखी झारखंड बनाने को लेकर खसरा और रूबेला टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। उक्त अभियान में 9 माह से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को टीका लगाया जाएगा। रैली में लोगों से अपील किया गया कि खसरा एक जानलेवा बीमारी है जिसमे निमोनिया, दस्त,जीवन हो सकता हैं। वही गर्भावस्था के दौरान रुबेला संक्रमण के फलस्वरुप शिशु जन्मजात दोषों के साथ पैदा हो सकते हैं। जिसमे अंधापन, बहरापन, कमजोर दिमाग जन्मजात दिल की बीमारियां आदि शामिल है। इसलिए 15 वर्ष तक की आयु के सभी स्कूली बच्चों को खसरा रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं। बीमारियों को हराएंगे यह टीका जरूर लगवाएंगे नारों के साथ रैली में को विराम दिया गया। रैली में सहिया,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चों के साथ साथ ग्रामीणों ने भी भाग लिया। मौके पर सहिया साथी हलिमा एजाज, सहिया आरती देवी किरण देवी, आंगनबाड़ी सेविका गायत्री देवी, आदि मुख्य रूप से शामिल थी।

# घेराव में निहत्थे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज सरकार की क्रूरता को दर्शाता है: बिरंची नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सचिवालय घेराव में बोकारो के दर्जनों कार्यकर्ता घायल हुए निहत्थों कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज पर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हेमंत सरकार द्वारा निहत्थे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज सरकार के क्रूरता को दर्शाता है। बिकारो विधायक बिरंची नारायण ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के घायल बहादुर कार्यकर्ता से अस्पताल जाकर भाजपा चास मुफस्सिल महामंत्री मोहन गोराई भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रज दुबे भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री प्रकाश नायक, भाजपा चास मुफस्सिल मंत्री राजेश महतो, भाजयुमो जिलाध्यक्ष बिनोद महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं से मिले एवं अस्पताल प्रबंधन से बेहतर इलाज करने को कही उनके बेहतर इलाज के लिए बोकारो विधायक रांची रुक गये है ताकि उनका बेहतर इलाज कराया जा सके। मौके पर बोकारो जिला के भाजपा महामंत्री संजय त्यागी मौजूद थे।

# चिरकुंडा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना के प्रांगण में मंगलवार को ईद को लेकर शांति समिति की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने किया। इस दौरान हुड़दंगियों पर विशेषकर नकेल कसने को लेकर रणनीति भी बनाई गई है, वहीं बिजली पानी की लचर व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। ताकि ईद के दरमियान कोई व्यवधान ना आये। बैठक मे शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ईद के दिन नमाज अदा करने की जगह पर विशेष रूप से पुलिस बल तैनात रहेगी। वही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालो पर भी पुलिस नजर रखेगी।पुलिस इसके विरूद्ध कड़ी कारवाई करेगी।थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति मे सिधे पुलिस पदाधिकारी को मोबाइल नंबर 9431706403 पर सूचित करें। पुलिस तत्काल कार्रवाई कर आपकी हर संभव मदद करेगी। वही बैठक का संचालन जगन्नाथ गोस्वामी और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व उपाध्यक्ष वरुण डे के द्वारा किया गया। मौके पर बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, पूर्व नगर अध्यक्ष मुरली तुरी, निलेय गड्याण, काजल चक्रवर्ती, वरुण दे, मो आरिफ अली, प्रदीप अग्रवाल, काजद दे, झब्बू शर्मा, सुनीता देवी, दीनानाथ रविदास, उपेंद्र नाथ पाठक, रंजीत बाउरी, अरुणकांति गोस्वामी, फिरोज अंसारी, प्रो अरुण कुमार, आश मोहम्मद, सिराज शाह, मो इस्तियाक, दुर्गा गोराई, मोइज खान आदि उपस्थित थे।

## गैंगस्टर अमन के गुर्गे आनंद वर्मा हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझायी

# हत्या का आरोपी दोस्त डोमा गिरफ्तार

- 3 अप्रैल को सड़ी गली अवस्था में बंद खदान के मुहाने से मिली थी आनंद की बॉडी
- तीन दिन पूर्व हत्या में शामिल मित्र सूरज का भी फंदे से लटकता पाया गया शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गैंगस्टर अमन सिंह के गुर्गे आनंद वर्मा की हत्या की गुत्थी धनबाद पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले के आनंद के हत्यारे मित्र डोमा भुइयां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि हत्या में शामिल दूसरे मित्र सूरज भुइयां ने हत्या करने के बाद पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इस बाबत धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने मंगकवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर हत्या की पूरी जानकारी दी। एसएसपी में पत्रकारों को बताया कि 21 मार्च को आनंद अपने घर से बाहर निकला था। कई दिनों जब घर नहीं लौटा तो उसके परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस से शिकायत की गई थी। वहीं 3 अप्रैल को एक बंद खदान के मुहाने से सड़ी गली लाश मिली थी जिसके पंचनामे के दौरान उसकी पहचान आनंद वर्मा के रूप की गई थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को पता चला कि आनंद वर्मा, डोमा भुईयां और सूरज भुईयां तीनों मित्र थे। जिस दिन से आनंद लापता हुआ उसी दिन डोमा ने उसे घर से बुलाया था और तीनों मिलकर कहीं कोयला की चोरी करने गए थे जिसमें असफल हुए। इसके बाद आनंद बैठकर नशे का सेवन कर रहा था तभी वहां डोमा और सूरज भी पहुंचे और फिर तीनों में मजाकिये लहजे में गाली गलौज शुरू हुई जो कि बाद में सीरियस होकर हाथापाई तक पहुंच गई। डोमा और सूरज एक पत्थर से आनंद के सर पर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। साक्ष्य छुपाने के लिए पहले शव को बंद खदान में फेंका गया बाद किसी की नजर पड़ जाने के डर से उसे अवैध खनन के मुहाने के अंदर लगभग 15 फिर अंदर ले जाकर छिपा दिया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद डोमा भुइयां अयोध्या भाग गया था। पुलिस ने डोमा को अयोध्या से गिरफ्तार धनबाद लायी और उसे जेल भेज दिया।

### दूसरे साथी सूरज का शव पेड़ से मिला था लटका हुआ

हत्या के लगभग एक हफ्ते बाद ही सूरज भुइयां का शव घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर ओबी डंप के समीप पेड़ से लटका पाया गया था। एसएसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद सूरज भुईयां ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी थी जिसके बाद परिजनों ने उसे दुत्कार कर खुद इस मामले को सलटने को कहा था सम्भवतः इसके बाद सूरज को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने पेड़ पर फंदे से झूलकर अपनी जान दे दी।

### क्या है पूरा मामला

बीते 3 अप्रैल को झरिया के अलकडीहा ओपी अंतर्गत जयरामपुर मोड़ के आटा चक्की के समीप बंद खनन के मुहाने से एक सड़ी गली लाश मिली थी। शव के पोस्टमार्टम के बाद वे परिजनों की पहचान के बाद शव की शिनाख्त पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोप में जेल के बंद गैंगस्टर अमन सिंह के गुर्गे के रूप में हुई। जिसकी बाद मामले को हाई प्रोफाइल मानते हुए पुलिस ने अनुसंधान जारी किया था। आनंद वर्मा एमओसीपी ठाकुर मोड़ निवासी राजमिस्त्री महेश वर्मा का पुत्र था।

### पूर्व में आनंद का रहा है आपराधिक इतिहास

आनंद वर्मा की इंट्री कम उम्र से ही आपराध की दुनिया हो गयी थी। उस पर तीसरा, सुदामडीह, धनसार, झरिया सहित कई थानों में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पांच वर्ष पूर्व आनंद किसी मामले में धनबाद जेल गया था। यही उसकी मुलाकात पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्या के आरोप में जेल में बंद शूटर अमन सिंह से हुई थी। जेल से निकलने के बाद आनंद ने रंगदारी के लिए आसपास के इलाके के कोलियरी लोडिंग बाबू, लोडिंग पॉइंट के नेताओं सहित एक आउटसोर्सिंग परियोजना के संचालक को फोन कर रंगदारी के लिए धमकी दी थी। जिसके बाद से क्षेत्र में वह आतंक का पर्याय बन चुका था। वहीं वर्तमान में तीसरा थाने की पुलिस भी आनंद को दो मामले में लगातार खोज रही थी।

# पानी बिजली को लेकर जोगता नागरिक समिति ने किया कनकनी कोलियरी का कार्य ठप



आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** बढ़ती गर्मी में एक एक बूंद पानी और बिजली के लिए त्राहिमाम कर रहे जोगता वासियों के सब्र का बांध मंगलवार को टूट गया और सैकड़ों लोगों ने जोगता नागरिक समिति के नेतृत्व में कनकनी कोलियरी पहुंचकर बीसीसीएल प्रबंधन हाय हाय बिजली पानी सुचारू रूप से बहाल करो के जोरदार नारे लगाते हुए कोलियरी का कार्य ठप कर दिया। सूचना पाकर तुरंत कनकनी कोलियरी के परीयोजना पदाधिकारी सुनील कुमार, मैनेजर गोपाल जी, तथा अजीत कुमार कार्य स्थल पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों के पक्ष से जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा से वार्ता कर बंदी को समाप्त करवाया। वही अनुज कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रबंधन 10 दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर तथा फिल्टर प्लांट का काम पूरा कर बिजली एवं पानी को सुचारू कर देगी, अगर प्रबन्धन वादा खिलाफी करती है तो पुनः कनकनी कोलीयरी के कार्य को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से जोगता नागरिक समिति के सदस्य, मंगल चौहान, निर्मल कुमार, मन्नु महतो, महेश साव, श्रिधर पांडेय, अजय चौहान, बिंदवा देबी, मिना देबी, हसीब खान, असगर मियां, कौशल्या देवी, कांती देवी, देवन्ती देवी, अफसाना खातून, रेशमा देवी,बेबी खातुन, हसीना बानो, रिता देवी, भुनेश्वर रजवार तथा जोगता सिजुआ के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य पहुंचे एना फायर प्रोजेक्ट

# किया निरीक्षण, दिये दिशा निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड में हिंद मजदूर सभा के सदस्य अख्तर जावेद उस्मानी ने मंगलवार को एना फायर प्रोजेक्ट में आउटसोर्सिंग आर के ट्रांसपोर्ट पैच का निरीक्षण किया। परियोजना फेस पहुंच बीसीसीएल अधिकारियों से सुरक्षा एवं प्रदूषण मापदंड की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की बीसीसीएल के पास जमीन की कमी होने के कारण अधिकांश खदाने कानूनन तरीके से नहीं चलायी गई। आकाशकिनारी एवं बांसजोड़ा खदान से एना परियोजना की स्थिति बेहतर है लेकिन पूरी तरह से संतोषप्रद नहीं है। प्रदूषण एवं हाइवाल की समस्या देखने को मिला हैं। परियोजना कार्यस्थल पर पेयजल की वयवस्था नहीं हैं। कोल इंडिया में प्रदूषण के कारण भारी संख्या मे कर्मचरियो की मौत बीमारियों से हो रही हैं। लंग कैंसर, किडनी फैल सहित अन्य बीमारी के शिकार हो रहे हैं। खदान मे दुर्घटना से मौत के आकड़ो से कही जायदा है। क्योंकि कर्मचारी भारी प्रदूषण मे वर्षो काम करते हैं। प्रदूषण एवं सुरक्षा पर गंभीर होना पड़ेगा। भविष्य मे कर्मचारीयों के सेहत पर काफी बुरा प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने कुसुंडा क्षेत्र के महाप्रबधक वीके गोयल को सुरक्षा एवं प्रदूषण से जुड़े कई निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर जरूरत पड़ी तो दोबारा परियोजना पहुंच जायजा लिया जायेगा। मौके पर जमसं के केंद्रीय सचिव अरविंद सिंह, पीओ प्रणव दास, ललन कुमार, आउटसोर्सिंग प्रबंधक रवि अग्रवाल, संजीत सिंह, राहुल सिंह, अवधेश सिंह, गौरी शंकर, एसएन तिवारी, राम प्रसाद दास, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे सिदो- कान्हू: सचिन महतो



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी, बोकारो जिला के आइटीआइ मोड़ में हुल क्रांति का शंखनाद करने वाले महानायक तथा झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर शहीद सिदो–कान्हू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महान क्रांतिकारी अमर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित आजसू पार्टी बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा सिदो कान्हू भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा थे। जिन्होंने अंग्रेजों से जमकर लोहा लिया था। संथाल विद्रोह को झारखंड कैसे भूल सकता है। सुदूर भोगनाडीह की पहाड़ियों पर आदिवासी के इस विद्रोह से अंग्रेजी सत्ता की चूल हिल गई थी। अंग्रेज, महाजनों एवं शोषण के खिलाफ आंदोलनकारी वीर शहीदों के बलिदान की कर्मभूमि है भोगनाडीह। सिदो–कान्हू की जयंती उनके शहादत की यादों को ताजा कर देती है। आदिवासी समाज के लोगों के लिए शोषण और अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए सिदो कान्हू ने संथाल हूल का शंखनाद किया था। आदिवासी समाज सिदो–कान्हू को अपना भगवान मानते थे श्रद्धांजलि देने वालों में पार्टी के चास नगर कार्यकारी अध्यक्ष बंकू बिहारी सिंह, उपाध्यक्ष अभय शर्मा, रमेश सिंह, मुन्ना ओझा, कौशल कुमार, सुबोध सिंह, नवीन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीएवी सेक्टर-6 के बायो डाइवर्सिटी पार्क में 150 से अधिक पौधों का अनूठा संग्रह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी सेक्टर–6 के बायो डाइवर्सिटी पार्क में विद्यालय के इको क्लब के छात्रों तथा शिक्षकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के 150 से अधिक बहुमूल्य पौधों का संग्रह किया गयो इससे आने वाले समय में बच्चों को अपने पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगो जैसा की ज्ञात हो इस बायो डाइवर्सिटी पार्क का उद्घाटन डीएवी. कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली के निदेशक–1 डॉ जेपी. शूर कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ था। इस अवसर पर झारखंड क्षेत्र जी एवं सीके एआरओ अरुण कुमार सहित डीएवी के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। प्राचार्य एसके. मिश्रा ने बताया की इस बायो डाइवर्सिटी पार्क में कई फलदार पौधे आम, थाईलैंड अमरुद, अंगूर, चीकू, अनार, संतरा, मौसमी, सेव, नीबू, पपीता, आदि के पौधे तथा बहुमूल्य औषधि पौधे रुद्राक्ष, अस्वगंधा, दालचीनी, शहतुत, सर्पगन्धा, इन्सुलिन, इलायची, गिलोय, स्टीविया, कई प्रकार तुलसी, लेमन ग्रास, तेजपता, अजवाईन, लौंग, गर्म मसाला, मिन्ट आदि पौधे को सुरक्षित तरीके से लगाया गया है। इस बायो डाइवर्सिटी पार्क के बारे विद्यालय के सभी बच्चों को पूर्ण जानकारी दी गयी। इस पार्क बनने से बच्चों एवं अविभावकों में प्रसन्नता देखि गयी। प्राचार्य एसके. मिश्रा ने बताया की आने वाले समय में इसमें और कई तरह के पौधें लगाये जायेगें। जिससे बच्चों को अपने प्रकृति को समझने में आसानी होगी।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(जिला समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभियुक्ति**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में गुमला जिलें में कामकाजी महिलाओं के लिए "सखी निवास" एवं नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत District De-Addiction Center (DDACs) के संचालन हेतु विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 1972, दिनांक– 30.08.2022 के आलोक में प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक स्वयंसेवी संस्थान योजना का प्रस्ताव विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 1972, दिनांक– 30.08.2022 एवं विभागीय परिपत्र के आलोक में संलग्न विहित प्रपत्र में भरकर सभी मांगी गई सूचना के साथ अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में दिनांक 25.04.2023 पूर्वाहन 11:00 बजे तक जमा करेंगे तथा दिनांक– 25.04.2023 अपराहन – 3:30 बजे जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव खोला जायेगा, जिसमें स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि को भाग लेना अनिवार्य होगा।

**नोट:** – योजना का विस्तृत जानकारी के लिए Nic Portal- gumla.nic.in पर उपलब्ध है, अथवा कार्यालय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला में किसी भी कार्यदिवस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 294877 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

**उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**
**(विकास शाखा)**

**–: अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/23–24 :–**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधायक मद योजना अन्तर्गत सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड केरसई, कुरडेग, पाकरटांड, एवं सिमडेगा के विभिन्न विद्यालयों में पुस्तकालय एवं छात्र–छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकों का क्रय/आपूर्ति हेतु प्रतिश्ठित प्रकाशकों से मुहरबन्द तकनीकी एवं वित्तीय निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता संबंधित पुस्तकों की सूची की प्रति किसी भी कार्य दिवस में आवेदन देकर उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा, जिला विकास शाखा से अपने निजी खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं।

निविदादाताओं के द्वारा दिनांक–24/04/2023 को 12:00 बजे अपराहन तक उपायुक्त का कार्यालय, विकास शाखा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा, विकास शाखा में निविदा जमा किया जाएगा, जिसे उसी दिन अपराहन् 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष/डी0आर0डी0ए0, सभागार में निविदा समिति के द्वारा निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नोट** :– निविदा हेतु शर्तें/विस्तृत विवरणी कार्यालय सूचना पट्ट/ जिला की वेबसाईट एवं **www.tenders.gov.in** पर देखी जा सकती है :–

उप विकास आयुक्त,
सिमडेगा

PR 294918 Rural Development (23-24)_D

**निदेशक का कार्यालय, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग।**

**निविदा संख्या–01/2023–24**

झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए इस संस्थान के अश्वों के लिए निम्नलिखित खाद्य सामग्री क्रय करने की आवश्यकता है जिसकी सूची निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | सामग्रियों के नाम | दर |
|---|---|---|
| 1. | जई क्रस्ट | प्रति कि0ग्रा0 |
| 2. | जौ क्रस्ट | प्रति कि0ग्रा0 |
| 3. | चोकर | प्रति कि0ग्रा0 |
| 4. | तीसी | प्रति कि0ग्रा0 |
| 5. | नमक | प्रति कि0ग्रा0 |
| 6. | सेन्धा नमक | प्रति कि0ग्रा0 |
| 7. | मिनरल मिक्सचर | प्रति कि0ग्रा0 |
| 8. | पुआल | प्रति कि0ग्रा0 |
| 9. | नाल कॉटी | प्रति कि0ग्रा0 |
| 10. | नाल | प्रति सेट |

अतः इच्छुक एवं पात्र (Eligible) मेसर्स/फर्म उपरोक्त सामग्री आपूर्ति के लिए दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियां (Technical & Commercial Bid) बंद लिफाफे में दिनांक–02.05.2023 को 17:00 बजे अपराहन् तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा देने वाले फर्म को सभी तरह का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा तथा सुरक्षित राशि (Bid Security) के तौर पर 20,000/–(बीस हजार रू०) का डिमाण्ड ड्राफ्ट निदेशक, झारखण्ड पुलिस अकादमी, हजारीबाग के नाम से देय होगा जो निविदा के साथ जमा करना होगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा दिनांक–03.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में संबंधित फर्म की उपस्थिति एवं तकनीकी बोली (Technical Bid) के योग्य होने पर ही वाणिज्यिक बोलियां (Commercial Bid) खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदा दाताओं या उनके प्रतिनिधि सामग्री का नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी क्षण निविदा खोलने की तिथि को परिवर्तित करने, निविदा रद्द करने तथा सभी अद्दों के Technical Specifications को आवश्यकता अनुसार परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**शर्तें:**– 1. **GST** निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति ।
2. आपूर्तिकर्ता का विगत तीन वर्शो का वार्शिक रिर्टन फाइल/टर्नओवर रू0 पचास लाख तक की छायाप्रति अनिवार्य होगा।
3. **FSSAI** निबंधन प्रमाण–पत्र की छायाप्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
4. आपूर्तिकर्ता द्वारा कम से कम दो जिलाबल/सरकारी इकाई में आपूर्ति करने का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
5. सामानों की आपूर्ति निर्धारित अल्पावधि में करना होगा।
6. अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र।
7. उपरोक्त कोई भी शर्त को पूरा न करने वाले फर्म को रद्द कर दिया जायेगा।
8. किसी भी समय निविदा को बिना कारण बताए रद्द करने या संसोधन करने का अधिकार अधाहस्ताक्षरी के पास होगा।
9. ब्लैक लिस्टेड न होने संबंधी शपथ पत्र।
10. स्थानीय को निविदा में प्राथमिकता दी जायेगी।

CHOTHE MANOJ RATAN
SENIOR DEPUTY DIRECTOR,
JHARKHAND POLICE ACADEMY, HAZARIBAGH.
Email id-directorjpa@gmail.com

PR.NO.294773 Police(23-24):D

# वेदांता एल्युमीनियम कर्मियों ने पुस्तकालयों के लिए 600 से अधिक किताबें प्रदान की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय शिशु पुस्तक दिवस के अवसर पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में स्थानीय बच्चों को किताबें दान करने के लिए कर्मचारियों ने एक पुस्तक संग्रह अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर झारसुगुड़ा के जिला पुस्तकालय एवं नंद के घर में आधुनिक आंगनबाड़ी, बड़माल, भूखामुंडा, हरिजनपड़ा एवं भागीपाली गांवों में वेदांता द्वारा स्थापित मिनी पुस्तकालय में 600 से अधिक पुस्तकें दान करने के लिए कर्मचारी एक साथ आए। पुस्तक दान कार्यक्रम के साथ-साथ, कर्मचारियों ने पढ़ने और सीखने के उद्देश्य से नंद घर में पढ़ रहे बच्चों के साथ पुस्तक पढ़ने और कहानी सुनाने का सत्र आयोजित करने के लिए स्वेच्छा से भाग लिया।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में सामुदायिक विकास के प्रयासों के तहत वेदांता झारसुगुडा द्वारा की गई कई पहलों में से पुस्तक दान अभियान एक है। कंपनी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, स्कूलों में सीखने के माहौल को बढ़ाने और क्षेत्र में छात्रों के सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए कई पहल की हैं।

स्थानीय समुदाय के लिए कंपनी की शिक्षा पहल पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता, सीइओ - वेदांता लिमिटेड झारसुगुड़ा ने कहा कि वेदांत एल्युमिनियम में हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण है। हमारे कर्मचारियों को बच्चों के पुस्तक दान अभियान का हिस्सा बनने और युवाओं को कहानियां सीखने और नयी चीजें सीखने में मदद करने में खुशी हुई। हमारे मजबूत शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से हम विकास और प्रगति की इस नींव को मजबूत करने के लिए छात्रों और स्थानीय शैक्षणिक समुदाय का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के घर और कार्यालय समेत तीन जगह रेड

# शांतनु मल्लिक के घर से 11.92 लाख रुपये मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, भद्रक।** ढेंकानाल जिले के हिंदोल प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी शांतनु मल्लिक के घर से 11 लाख 92 हजार रुपये नगद बरामद हुआ है। सतर्कता अधिकारियों ने तब पकड़ा, जब शांतनु मल्लिक 10,000 रुपये की रिश्वत ले रहे थे। वह महंगा भत्ता रिलीज करने के लिए एक शिक्षक से रिश्वत लेते समय पकड़ा गया। रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद शांतनु मल्लिक के घर और ऑफिस पर तीन जगहों पर छापेमारी की गयी। सतर्कता अधिकारियों ने भद्रक और खजुरिआपड़ा में घरों और कार्यालयों पर छापा मारा है। हालांकि 60 हजार रुपये रिश्वत लेने के बाद भी शिक्षक को और 10 हजार रुपये की रिश्वत देने के लिए कहा गया।





**हिंदोल शिक्षा पदाधिकारी को गिरफ्तार :** वहीं कटक विजिलेंस ने हिंदोल शिक्षा पदाधिकारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शिक्षा पदाधिकारी शांतनु मल्लिक के पास से विजिलेंस ने 10 हजार रुपये जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद शिक्षा पदाधिकारी के भाड़े के घर और निजस्ब घर से नगद 11 लाख 92 हजार रुपये जब्त किया गया।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने आठ लोगों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन और सतर्कता के लिए आठ रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता से बड़ी दुर्घटनाएं टल गयीं। उन्होंने मानव जीवन और ट्रेन संचालन दोनों को बचाया।



सम्मान कार्यक्रम के दौरान पूर्व तट रेलवे के अपर महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपरोक्त कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए मनोज शर्मा ने कहा कि ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए पूर्व तट रेलवे पर दिन-रात मेहनत करने वाले गैंगमैन, ट्रॉलीमैन, गेटमैन, ओएच खलासी और अन्य मेंटेनेंस संवर्ग के कर्मचारियों की मेहनत और सतर्कता को मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों से काम के दौरान सतर्क रहने की भी अपील की ताकि यात्री और ट्रेनें सुरक्षित रहें।

# गर्जनबाहाल ओपनकास्ट खदान हादसा में दो की मौत और दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर ।** ओड़िशा के सुंदरगड जिले में गर्जनबाहाल ओपनकास्ट खदान में मंगलवार को दो एक्जीक्यूटिव और चार ऑपरेटरों को ले जा रहा एक एमयूवी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खदान में काम कर रहा एक 100 टन डंपर सुबह करीब आठ बजे एमयूवी से टकरा गया। कंपनी के अधिकारी तुरंत बचाव के लिए हरकत में आये और सभी घायल अधिकारियों और एमयूवी के चालक को इलाज के लिए अस्पताल ले गये, जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

घायलों को इलाज के लिए फोर्टिस अस्पताल रायगढ़ को तुरंत भेजा गया। मृतकों की पहचान झारसुगुड़ा के अधापडा लखनपुर निवासी जगदीश ओराम उप प्रबंधक (खनन) और सुंदरगड जिले के बलिंगा हिमगीर निवासी उमाकांत पटेल ऑपरेटर के रूप में हुई है।

एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कंपनी ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक आंतरिक जांच टीम भी शुरू की है।

# सस्ती गैस दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचा रही है ऊर्जा गंगा पाइपलाइन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गैस पाइपलाइन, गैस के परिवहन का सबसे किफायती साधन है। गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के क्रम में, पूर्वी भारत के आवास और परिवहन क्षेत्र को जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा पाइपलाइन (जेएचबीडीपीएल प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन) के उपयोग से सस्ती गैस मिलेगी।

भारत के पूर्वी राज्यों में गैस पहुंचाने के लिए, जेएचबीडीपीएल बिछाने हेतु गेल को अधिकृत किया गया है। सरकार ने जेएचबीडीपीएल पाइपलाइन को पूरा करने के लिए 40% व्यावहारिक लागत-अंतर के रूप में 5176 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी है।

पूर्वी राज्यों-बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में गैस की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन तैयार है। इसके अलावा, जेएचबीडीपीएल के एक हिस्से के रूप में, गेल बरौनी-गुवाहाटी पाइपलाइन भी बिछा रहा है, जो उत्तर पूर्व गैस ग्रिड पाइपलाइन के लिए एक स्रोत पाइपलाइन के रूप में कार्य करेगी। सभी पूर्वोत्तर राज्यों को प्राकृतिक गैस स्रोत से जोड़ने और देश के सभी भागों में गैस की आपूर्ति के लिए, यह पाइपलाइन 60% व्यावहारिक लागत-अंतर के रूप में 5,559 करोड़ रुपये की निधि के साथ बिछायी जा रही है।




प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा पाइपलाइन उत्तर प्रदेश, बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल में फैले सभी भौगोलिक क्षेत्रों (90 प्रतिशत से अधिक) को तथा आगे भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को जोड़ेगी। इस परियोजना के पूरा होने से भारत का पूर्वोत्तर/पूर्वी भाग गैस आधारित अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग बन गया है, जिसके तहत ऊर्जा गंगा के माध्यम से गैस के सबसे सस्ते परिवहन और गैस मूल्य निर्धारण सुधारों से जुड़े दोहरे लाभ प्राप्त होंगे।

पीएनजीआरबी द्वारा हाल ही में अधिसूचित एकीकृत टैरिफ नियमों के अंतर्गत, पूर्वी हिस्से में सीजीडी जीए ज्यादातर तीसरे क्षेत्र में आते हैं, जिसमें पाइपलाइन टैरिफ को युक्तिसंगत बनाया गया है। इससे परिवहन शुल्क में लगभग 50% की कमी आयेगी और यह 99.90 रुपये प्रति एमएमबीटीयू हो जायेगा। हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने ओएनजीसी/ओआईएल के नामांकन क्षेत्रों, नयी अन्वेषण लाइसेंस नीति (एनईएलपी) ब्लॉकों और पूर्व-एनईएलपी ब्लॉकों से उत्पादित गैस के लिए संशोधित घरेलू प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण दिशा-निर्देशों को मंजूरी दे दी है, जहां उत्पादन साझेदारी अनुबंध (पीएससी) में सरकार द्वारा कीमतों की मंजूरी का प्रावधान है। ऐसी प्राकृतिक गैस की कीमत भारतीय क्रूड बास्केट के मासिक औसत का 10% होगी और इसे मासिक आधार पर अधिसूचित किया जायेगा। ओएनजीसी/ओआइएल के नामांकन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत में एक न्यूनतम और उच्चतम सीमा होगी। इसके परिणामस्वरूप, एपीएम/एनएपीएम गैस की कीमत 8.57 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू से घट कर 6.5 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू हो गयी है। इन सुधारों से घरों में आपूर्ति की जाने वाली पाइप प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और परिवहन के लिए संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में उल्लेखनीय कमी आयेगी। कीमतों में हुई कमी से उर्वरक सब्सिडी का बोझ भी कम होगा और घरेलू बिजली क्षेत्र को भी सहायता मिलेगी।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**